CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31° C
न्यूनतम : 15° C

मुजफ्फरनगर, रविवार 29 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 70 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 9 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री असीम अरुण ने उठाए सवाल पेज 2



धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर खेल टाइम्स



अब अगला नंबर क्यूबा का: डोनाल्ड ट्रम्प पेज 11



अल्लू अर्जुन ने किया 23 साल का फिल्मी सफर पूरा बॉलीवुड

# विकसित उप्र की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ करते हुए इसे विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया और 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह एयरपोर्ट केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश, व्यापार और निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। इससे किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने स्थानीय किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि उनकी भूमि के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी है और अब कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण होगा, जहां सड़क, रेल और हवाई परिवहन का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित किया गया है। कार्गो हब प्रारंभिक चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में भारत के लगभग 85 प्रतिशत विमान एमआरओ सेवाओं के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी व्यय होता है। जेवर में बनने वाली यह सुविधा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और अब यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वर्ष 2003 में स्वीकृत यह परियोजना लंबे समय तक लंबित रही, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से इसे गति मिली और आज यह धरातल पर उतर सकी है।

■ विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को मील का पत्थर बताया

## यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र : योगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जहां देशभर में उत्साह का माहौल है, वहीं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें दुनिया में बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आपूर्ति सुचारू है और कीमतें नियंत्रित हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश विकास में बाधा बना हुआ था, लेकिन डबल इंजन सरकार के बाद राज्य ने तेज गति से विकास किया है और अब बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू की ओर बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितम्बर को हुए 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बातचीत केवल मोदी और ट्रम्प के बीच थी: सरकार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रम्प के साथ अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि यह वार्ता केवल मोदी और ट्रम्प के बीच हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा कि हमने पूरी रिपोर्ट देखी है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी। प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग कराई गई।

# भारत के दो और जहाज होर्मुज से हुए सुरक्षित पार

## जंग के कारण ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गए हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गई है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से बिना रुकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग-अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे-धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की। भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज स्ट्रेट को पार कर देश आ चुके हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल के ईरान पर संयुक्त हमलों के बाद से ईरान ने पश्चिम एशियाई देशों से पेट्रोलियम उत्पाद लेकर आने वाले जहाजों के होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले सबसे व्यस्त रास्ते को बंद कर रखा है।

इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश पहुंच चुके

### अबू धाबी में ईरान के हमले

**अबू धाबी।** अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले का मलबा गिरने से शनिवार तड़के पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास हुई घटना के संबंध में की गई समीक्षा के तहत यह पुष्टि हुई है कि इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों को हल्की चोटें आई हैं।

# मैनाठेर बवाल मामला: डीआईजी पर हमले में 16 दोषियों को उम्रकैद

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में वर्ष 2011 के चर्चित मैनाठेर बवाल मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डीआईजी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने शनिवार को यह निर्णय सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, 23 मार्च को सभी 16 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जबकि सजा सुनाने की तिथि 27 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अवकाश के कारण शनिवार को सजा सुनाई गई। यह घटना 6 जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। एक युवती से छेड़खानी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। महिलाओं द्वारा कुरान के अपमान का आरोप लगाए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया।

■ उग्र भीड़ ने डीआईजी अशोक कुमार को पिस्टल छीनकर बेरहमी से पीटा था

# 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार 'भारतीय खरीदो' श्रेणी के अंतर्गत इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जाएगी। यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी। इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है।

■ सेना ने ऐतिहासिक घटनाक्रम में जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया

## भारतीय सेना नई मारक शक्ति से लैस



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शनिवार को प्रहार लाइट मशीन गनों (एलएमजी) की पहली खेप सेना को सौंप दी। 7.62 मिमी कैलिबर की इन आधुनिक मशीन गनों का निर्माण ग्वालियर स्थित कंपनी के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में मेक इन इंडिया पहल के तहत किया गया है। इस मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्रालय के डीजी (अधिग्रहण) ए. अंबरासु, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबरासु ने सेना के लिए तैयार की गई पहली खेप करीब 2,000 एलएमजी को लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ डिलीवर हुई प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में 10 अप्रैल को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के दौरान जिन 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई शुक्रवार को पूरी कर ली गई। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जारी किए गए 100 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है।

### कृषि अनुसंधान संस्थान की कक्षाएं ऑफलाइन चलेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने ऑनलाइन कक्षाओं से संबंधित अपने 25 मार्च की पिछली सूचना वापस ले ली है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले की सूचना की समीक्षा के बाद, आईसीएआर- आईएआरआई ने अगले ही दिन अपने परिसर में सभी कार्य सुचारु रूप से बहाल कर दिए थे।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए पहली उड़ान का हुआ संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ के लिए रवाना हुए

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर क्षेत्र ग्रेटर नोएडा जेवर स्थित महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लखनऊ के लिए पहली उड़ान का संचालन किया गया।

इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं पहली फ्लाइट में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह उड़ान न केवल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश के हवाई कनेक्टिविटी नेटवर्क को भी मजबूत करने वाला अहम कदम माना जा रहा है। जेवर स्थित यह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहली उड़ान के साथ ही यह एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे नियमित सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में यहां से देश-विदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन साबित होगा। इससे न केवल निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि पर्यटन और उद्योग को भी नई गति मिलेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी इसे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। लखनऊ के लिए पहली उड़ान शुरू होने से राजधानी और पश्चिमी यूपी के बीच यात्रा अब और आसान हो जाएगी। इससे व्यापार, प्रशासनिक गतिविधियों और आम यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक चरणबद्ध तरीके से अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट्स शुरू की जाएंगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। जेवर का नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास और आधुनिक बुनियादी ढांचे का प्रतीक बनता जा रहा है।

## अंबेडकर जयंती पर बसपा के शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रमुख मायावती 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। बसपा के सूत्रों की मानें, तो इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक में होगा, जहां मायावती पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकती हैं। बैठक में बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार आकाश आनंद को संगठन मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को धार देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अगस्त 2025 में राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने के बाद मायावती पहले ही संकेत दे चुकी थीं कि आकाश आनंद को प्रदेश में अहम भूमिका दी जाएगी।

# यूपी में 29 मार्च से एक अप्रैल तक बारिश के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ आईएमडी ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताते हुए एलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च की देर शाम या रात से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 30 मार्च को चरम पर रहेगा और 1 अप्रैल तक जारी रह सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा और गरज-चमक का प्रभाव देखने को मिलेगा। 1 अप्रैल को पश्चिमी यूपी में मौसम साफ होने लगेगा, जबकि पूर्वी यूपी के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने 29 से 31 मार्च के बीच कई जिलों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी दी है। कुछ स्थानों पर हवा की गति झोंकों में 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। 29 मार्च तक अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जबकि इसके बाद 31 मार्च तक इतनी ही गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इसके बाद फिर तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि पकी हुई फसलों की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थानों पर रखें।

## कुछ फाइलों को दबाने के लिए दुनिया के सामने युद्ध का सहारा

**वाराणसी, वार्ता**



कांग्रेस नेता सांसद नासिर हुसैन केन्द्र पर बरसे

कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने अंतर्राष्ट्रीय हालात और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध जैसे हालात के पीछे कुछ महत्वपूर्ण फाइलों को दबाने की मंशा हो सकती है।

शनिवार को काशी पहुंचे नासिर हुसैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से पांडेयपुर स्थित एक होटल में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात. चीत में केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। ईरान, इजरायल और अमे. रिका के बीच बढ़ते तनाव पर अंतर्राष्ट्रीय और सोशल मीडिया की बहस से प्रतीत होता है कि कुछ खास फाइलों को दबाने के लिए युद्ध का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल से इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष की कोई ठोस पूर्व तैयारी नहीं दिखती और इसे अचानक शुरू किया गया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी देश इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन भी इस मामले में पूरी तरह साथ नहीं दे रहे हैं। नासिर हुसैन ने देश में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और पेट्रोल-डीजल के लिए लग रही लंबी कतारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश ईंधन आयात करता है, फिर भी भविष्य के संकट से निपटने की ठोस तैयारी नहीं की गई है।

## मुख्य अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी

# अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारी रहे अनुपस्थित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान अफसरों की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हुए थे। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर से दिशा निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन कन्नौज में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई देरी ने प्रशासनिक कार्यशैली और समयबद्धता पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

योगी सरकार में मंत्री असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। अंततः स्थिति में सुधार न होते देख उन्हें कार्यक्रम स्थल से वापस लौटना पड़ा। इस घटना को लेकर मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा है कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष या पद के अपमान का नहीं, बल्कि कार्य-संस्कृति में व्याप्त लाप. रवाही का प्रतीक है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मुख्य अतिथि कोई आम नागरिक होता, तो क्या इस देरी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता। क्या हर नागरिक के समय का मूल्य समान नहीं है? क्या पद पर बैठे लोगों को दूसरों का समय नष्ट करने का नैतिक अधिकार है। हालांकि घटना के बाद जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से मिलकर माफी मांगने और लिखित रूप में खेद व्यक्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य अतिथि ने अपने समर्थकों और सहयोगियों से किसी प्रकार के प्रदर्शन या आंदोलन से बचने की अपील की और कहा कि इस घटना को एक सीख के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो कार्य-संस्कृति में व्याप्त अधकच्चेपन और लाप. रवाही को तत्काल समाप्त करना होगा। समयबद्धता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।

### समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है

जापान, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है, जिसे भारत में भी अपनाने की आवश्यकता है। असीम अरुण ने देश के नेतृत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता समयबद्धता और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर इस सांस्कृतिक बदलाव को जमीन पर उतारा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश बनने की पहली शर्त विकसित नागरिक बनना है और इसके लिए व्यक्तिगत व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार आवश्यक है। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि 'लेट-लतीफी' जैसी आदतें न केवल व्यक्तिगत असुविधा का कारण बनती हैं, बल्कि देश के विकास की गति को भी प्रभावित करती हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74207.24
निफ्टी 23002.15



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 बनेगा नया मानक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर किया

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट्स में शामिल होने जा रहा है। यहां निर्मित टर्मिनल-1 न केवल आकार और क्षमता के लिहाज से बड़ा है, बल्कि तकनीकी नवाचार और यात्री सुविधाओं के मामले में भी नया मानक स्थापित करेगा।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एलसी3 (चूना-मिट्टी-सीमेंट मिश्रण) तकनीक से किया गया है। यह लो-कार्बन निर्माण सामग्री पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव डालती है, जिससे यह परियोजना इको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उदाहरण बनती है।करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैले टर्मिनल-1 में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को तेज और सहज अनुभव मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ 9.9 इमिग्रेशन काउंटर उपलब्ध रहेंगे, जिससे समय की बचत और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। घरेलू उड़ानों के लिए 10 एयरोब्रिज और 2 बस बोर्डिंग गेट की व्यवस्था की गई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 2 एयरोब्रिज और एक बस बोर्डिंग गेट उपलब्ध होंगे। यह विभाजन संचालन को व्यवस्थित और कुशल बनाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा न हो। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रति घंटे लगभग 30 विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग की क्षमता के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा एयरपोर्ट की वार्षिक कार्गो हैंडलिग क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित की गई है, जो इसे एक मजबूत लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी।

## ई-सिगरेट तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, 2,073 प्रतिबंधित यूनिट्स जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी कार्य बल (एएनटीई) ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 2,073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिनकी भारतीय बाजार में कीमत 27 लाख रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जांच 25 मार्च को तब शुरू हुई जब एक अधिकारी को दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में एक पान की दुकान पर ई-सिगरेट की अवैध बिक्री और भंडारण के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राहुल अलवाल ने बताया, ष्एक टीम ने वहां छापा मारा, जहां उन्हें दुकान के प्रबंधक विकास (33) के पास से 53 ई-सिगरेट मिलीं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करते हुए टीम ने दुकान के 25 वर्षीय मालिक ऋत्विक बहल को उसके ग्रेटर कैलाश स्थित घर से पकड़ा, जहां से 20 और ई-सिगरेट बरामद की गईं। डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने आपूर्तिकर्ता हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय जीशान उर्फ जस्सू के बारे में बताया। पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची, जहां 20 कार्टन में पैक की गई 2,000 यूनिट्स जब्त की गईं।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 10 रुपये गिरकर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 15 रुपये सस्ता हुआ और 2,797 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 160 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल 90 रुपये और उड़द दाल 56 रुपये सस्ती हुई। चना दाल का भाव 47 रुपये और मूंग दाल का 24 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 221 रुपये फिसल गई। मूंगफली तेल 193 रुपये और वनस्पति 102 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 79 रुपये और सरसों तेल में सात रुपये की गिरावट देखी गई। सोया तेल 49 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी 17 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7708.92 रुपये, मसूर काली 8050.33 रुपये, मूंग दाल 10173.12 रुपये, उड़द दाल 10787.15 रुपये, तुअर दाल 11168.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपये और चावल 3852.10 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.78 रुपये और गुड़ 4991.02 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17656.22 रुपये, मूंगफली तेल 18698.00 रुपये, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपये, सोया तेल 14527.26 रुपये, पाम ऑयल 13241.65 रुपये और वनस्पति 14690.16 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मत्स्य कोष को 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर की अतिरिक्त सहायता

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया ने विश्व व्यापार सगठन (डब्ल्यूटीओ) के मत्स्य कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान किया है। यह जानकारी डब्ल्यूटीओ की आधिकारिक वेबवाइट पर एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, आस्ट्रेलिया की सरकार ने डब्ल्यूटीओ फिश फंड (मत्स्य पालन वित्तपोषण तंत्र) में 20 लाख अस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसका उद्देश्य विकासशील और सबसे कम विक. सित सदस्य देशों को 'मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते' को लागू करने में सहायता प्रदान करना है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले मई 2023 में इस कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डालर का योगदान किया था। डब्ल्यूटीओ के 2022 के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य उद्योग-व्यापार पर एक आंशिक समझौता अपनाया गया था, जिसमें गैर-कानूनी, बेहिंसाब और अनियमित मछली पकड़ने पर सब्सिडी पर रोक लगाने का प्रावधान है। इसमें किसी एक समुद्री क्षेत्र से मछली पकड़ने की अतिशय क्रियाओं का आंशिक समाधान भी शामिल है। क्षमता से अधिक गतिविधियों और जरूरत से ज्यादा मछली पकड़ने से जुड़ी सब्सिडी पर बातचीत अभी भी चल रही है, जहां भारत अपने छोटे मछआरों के हितों को लेकर चिंतित है। भारत का कहना है कि विकासशील देशों को उस समस्या के लिए सजा न दी जाए, जिसे ज्यादातर विकसित देशों ने पैदा किया है। भारत चाहता है कि सभी देशों को एक पलड़े पर तौलने की बजाय और 'सबके लिए एक जैसा' प्रतिबंध लगाने की बजाय जिम्मेदारी से मछली पकड़ने का कारोबार करने वाले देशों के साथ निष्पक्षता के साथ व्यवहार किया जाए, सब्सिडी हटाने के लिए विकासशील देशों के लिए समय-सीमा लम्बी रखी जाए और संवेदनशील मछुआरा समुदायों के लिए सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएं।

# न्यायपालिका पर 'सेटिंग' का आरोप लगाने के लिए माफी मांगें रेखा गुप्ता: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ अदालत में भाजपा के झूठे षड़यंत्र का नकाब उतर गया

आम आदमी पार्टी ने न्यायपालिका के लिए 'सेटिंग' जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को देश से माफी मांगने की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता राखी बिडलान ने कहा कि देशवासियों को भारतीय न्यायपालिका पर अटूट विश्वास है और श्रीमती गुप्ता ने 'सेटिंग' का आरोप लगाकर इस विश्वास का कत्ल किया है। जब अदालत में भाजपा के झूठे षड़यंत्र का नकाब उतर गया तो बौखलाहट में वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गुप्ता मुख्यमंत्री पद के योग्य नहीं हैं, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं से सेटिग के चलते वह मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या भाजपा मुख्यमंत्री के बयान से सहमत है और क्या अदालत से सेटिग कर आप नेताओं के खिलाफ फैसले कराए गए? उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक संवैधानिक पद को संभालते हुए अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बात कही और देश की न्यायपालिका तथा सीबीआई की विशेष अदालत के खिलाफ 'सेटिंग' जैसे शब्द का प्रयोग किया, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। न्यायपालिका के संदर्भ में इस शब्द का प्रयोग करने के लिए मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। देश की न्यायपालिका पर 140 करोड़ लोगों का अटूट विश्वास है। भारत की न्यायपालिका बहुत ही गहनता और बारीकी के साथ हर एक मामले पर विचार-विमर्श करके अपना फैसला सुनाती है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं, लेकिन उनमें से श्रीमती गुप्ता को ही मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। उनके पास तीन या चार बार विधायक होने का कोई अनुभव नहीं है। पार्षद रहते हुए भी उन्होंने कोई ऐसा ऐतिहा. सिक काम नहीं किया, जिससे उन्हें दिल्ली- एनसीआर या देश में भारी लोकप्रियता मिली हो। वे भाजपा के किसी शीर्ष पद पर भी आसीन नहीं थीं। इसका सीधा मतलब है कि भाजपा में उनकी पूर्ण रूप से सेटिग थी। इसी वजह से इतने वरिष्ठ नेताओं को पीछे छोड़कर उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने श्रीमती गुप्ता समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य पदाधिकारियों से पूछा कि क्या वे अपनी मुख्यमंत्री द्वारा न्यायपालिका के प्रति इस्तेमाल किए गए इस हल्के शब्द से सहमत हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज तक भाजपा के लोग न्यायाधीशों के साथ सेटिंग करके ही आप जैसे मजबूत विपक्षी दल के नेताओं पर मुकदमे दर्ज करवाते आए हैं और उनके खिलाफ फैसले दिलाते आए हैं या फिर सेटिग करके ही श्रीमती गुप्ता जैसी अनुभवहीन महिला को मुख्यमंत्री पद पर बैठाते आए हैं?

## अप्रैल में बिजली उपभोक्ताओं पर फिर बढ़ेगा बोझ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अप्रैल माह में एक बार फिर झटका लगने के आसार हैं।

ईंधन अधिभार शुल्क (फ्यूल सरचार्ज) में 2.14 प्रतिशत की वृद्धि के चलते प्रदेश के उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मार्च में ईंधन अधिभार शुल्क में 2. 42 प्रतिशत की कमी की गई थी, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये की राहत मिली थी, हालांकि अब अप्रैल में यह राहत खत्म होती दिख रही है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क को अप्रैल 2026 के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा, जिसकी दर 2.14 प्रतिशत तय की गई है। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उपभोक्ता परिषद ने ईंधन अधिभार वसूली के फार्मूले पर सवाल उठाते हुए विद्युत नियामक आयोग से इसकी जांच कराने की मांग की है। परिषद का कहना है कि फरवरी माह में उपभोक्ताओं से अधिक वसूली और औसत बिलिग दर के आधार पर की गई वसूली के मामलों को लेकर उसकी लड़ाई जारी है। वर्मा ने दावा किया कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस है।

# रोडवेज बस ने युवक को रौंदा, मौत

## कोल्हू पर मजदूरी का काम करता था मृतक विजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव लाडला निवासी 22 वर्षीय विजय कश्यप पुत्र चन्द्रपाल कोल्हु में मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। विजय कश्यप गरीब परिवार से था और शनिवार को इस परिवार पर एक ओर मुसीबतों का पहाड उस वक्त टूट पडा जब कोल्हू मजदूर को रोडवेज बस ने रोंद डाला और उससे उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि विजय कश्यप गांव के ही कोल्हू में मजदूरी करता था और शाम पांच बजे वह किसी काम से बाइक द्वारा बघरा स्टैण्ड पर गया था जहां अचानक आई रोडवेज की बस डिपो संख्या यूपी 82 टी 4269 के चालक ने गाडी को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए विजय कश्यप को कुचल डाला। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरो ने इसको मृत घोषित कर दिया। इस घटना में मृतक की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कुटेसरा में एक विवाहिता ने गले में रस्सी का फंदा लगाकर गैलरी में बने मोखले से लटककर जान दे दी। महिला की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतका के परिजन ने किसी भी कार्रवाई से इंकार किया है।

घमिली जानकारी के अनुसार चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा निवासी अनुज की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व जनपद सहारनपुर के थाना देवबंद क्षेत्र स्थित गांव कुलकरी निवासी कोमल (28 वर्ष) से हुई थी। दोनों के कोई संतान नहीं थी। शनिवार को करीब नो बजे कोमल को ग्रामीणों द्वारा घर की गैलरी में रस्सी का फंदा लगाकर लटके हुए देखा गया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर मौके पर भीड़ इकठी हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को उतारकर चिकित्सक को दिखाया, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना के समय घर पर कोई नहीं था( पति घेर (पशुशाला) में था, जबकि सास-ससुर जंगल में गए हुए थे। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजन ने बताया कि वह चार दिन पूर्व ही मायके से ससुराल लौटी थी और उनके बीच कोई विवाद नहीं था। उन्होंने बताया कि कोमल मान. सिक रूप से कमजोर थी। थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मृतका के परिजन द्वारा किसी भी कानूनी कार्रवाई करने से इंकार करते हुए लिखित रूप में दे दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अस्पताल में नवजात शिशु की मौत लापरवाही का आरोप लगाया, हंगामा

## किसके इशारे पर चला रहे हैं फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर अस्पताल

■ **नवजात की मौत पर भारी हंगामा, स्वास्थ्य विभाग ने फिर लगाई सील**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आखिर कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग, कब होगी फर्जी अस्पतालों और बिना डिग्री के डॉक्टरों पर कार्यवाही? क्योकि आए दिन जैसे-जैसे प्राइवेट अस्पतालों की भ्रमार होती जा रही है इसी तरह आए रोज प्राइवेट अस्पतालों में मौत हो रही है। हाल में भी जहां एक अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हुई तो वहीं एक व्यक्ति को भी लापरवाही के चलते जान गवानी पड़ी। गंभीर बात तो यह है कि स्वास्थ्य विभाग हंगामा होने पर अस्पतालों पर सील लगाने की कार्यवाही करते हुए पीड़ित को शांत कर देता है, लेकिन उसके कुछ दिन बाद ही अस्पताल खुल जाते है। शनिवार को भी ऐसा ही कुछ हुआ जहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक प्राइवेट अस्पताल में नवजात शिशु की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गइ यहांकाफी देर तक हंगामा हुआ जिससे पुलिस को भी भीड़ के बीच पहुंचना पड़ा। मजे की बात तो यह है कि काफी देर तक हंगामा चला और पुलिस अपनी ओर से भीड को शांत करने पहुंची, लेकिन स्वास्थ्य विभाग काफी समय बाद मौके पर पहुंचा। यह घटना रूडकी रोड स्थित फॉरटिस हेल्थ केयर सेंटर की बताई जा रही है जहां इलाज के दौरान मासूम की जान चली गई। यह मामला इतना तूल पकडा कि यहां पर हिन्दूवादी नेता भी पहुंच गए और उन्होने अस्पताल और डॉक्टरो पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग शुरू की। कुछ देर पीड़ित परिवार अस्पताल के बाहर धरने पर बैठा रहा और भीड़ कार्यवाही की मांग पर अड़ी रही।

बताया जाता है कि एक नवजात शिशु को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। नवजात की मौत की खबर के बाद परिजनों ने रोते बिलखते हुए हंगामा शुरू किया और कुछ देर बाद ही यहां भीड इकट्ठा हो गई और उन्होने नारेबाजी शुरू करदी। इस घटना के बादसंयुक्त हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और उन्होने भी बच्चे की मौत पर विरोध जताया। इस समय भीड चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगा रही थी। हंगामा बढ़ता देख सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार मौके परपहुंचे और उन्होने काफी देर बाद भीड़ को समझाया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर यहां जांच पडताल करते हुए अस्पताल में कई अनियमित्ताएं पाई और अस्पताल को सील करते हुए नोटिस जारी किया है। लोगों में इस बात को लेकर अधिक रोष था कि यह दम्पत्ति के पहला बच्चा था। मृतक बच्चे की परिवार की महला रूकैया ने रात्रि करीब तीन बजे डिलीवरी हुई थी और आशा के कहने पर बच्चे को यहां लाकर भर्ती कराया था। उन्होने बताया कि बच्चा नॉर्मल था, लेकिन डॉक्टर के कहने पर बच्चे को एक दिन के लिए आईसीयू में रखा था, लेकिन इसके बाद भी बच्चे की मौत हो गई। यह हंगामा काफी देर तक चला फिलहाल बच्चे का शव परिजनों को सौप दिया है और परिजनों ने डॉक्टरो की गिरफ्तारी की मांग की। हिन्दू संगठन के नेता देशराज चौहान ने कहा कि ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए मुहिम चलाई जाएगी। उन्होने कहा कि जनपद के स्वास्थ अधिकारी की ओर से ऐसे अस्पतालों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कई अस्पतालों पर सील लगी, लेकिन उन्हे कुछ दिन बाद ही खोल दी जाती है ऐसे फर्जी अस्पतालों में आशाओं की भूमिका भी अधिक बढ़ रही है। कुछ लोगों ने तो कहा कि गली मौहल्लों की आशाएं सरकारी अस्पतालों के बजाए अपने परिचित प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव पीडा के दौरान महिलाओं को भर्ती कराती है। ऐसे में आशाओं पर भी लोगों ने तरह-तरह के सवाल उठ रहे है।

### क्या आशाओं की भी अस्पतालों में रहती है मिलीभगत

नवजात की मौत पर हुए कड़े हंगामे के बीच कुछ लोग तो यह भी कहते सुनाई पडे की गली मौहल्लों की आशाए प्रसव पीडा के बाद या तो पहले ही महिला के परिजनों को इतना भयभीत कर देते है कि उन्हे प्राइवेट अस्पताल में ही महिला को भर्ती कराना पड़ता है इतना ही नहीं जिला अस्पताल से भी कुछ आशाएं महिला व उसके परिजनों को हालत गंभीर बता कर पूरी तरह भयभीत कर देते है जिससे कुछ आशाएं अपने परिचित के अस्पताल में महिला को भर्ती करा देती है। अब लोगों में यही सवाल उठ रहे थे कि आखिर जिला अस्पताल में अच्छे डॉक्टर, अच्छे सर्जन होने के बाद भी प्रसव पीडा के दौरान महिला व उसके परिजनों को प्राइवेट अस्पताल में ले जाने की सलाह क्यो दी जाती है?

# एमडीए का दो अवैध कॉलौनियों पर चला बुल्डोजर

**मुजफ्फरनगर।** अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए काटी जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) का डंडा आज फिर चला। शनिवार को मंडलायुक्त सहारनपुर के निर्देश और एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेशों के अनुपालन में जानसठ रोड क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने लगभग 11500 वर्ग मीटर भूमि पर विकसित किए जा रहे अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया।

प्राधिकरण के सचिव के अनुसार, जानसठ रोड स्थित शेरनगर में मुकम्मिल द्वारा 2500 वर्ग मीटर और न्यू मंडी जानसठ रोड पर मेट्रो कुर्सी गोदाम के पास रघुराज लाला जी द्वारा लगभग 9000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के अवैध प्लॉटिंग और निर्माण कार्य किया जा रहा था। विभाग द्वारा पूर्व में दिए गए नोटिस और ध्वस्तीकरण आदेशों की अनदेखी करने पर आज यह कड़ी कार्रवाई की गई।

**दो अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई:** आज की कार्रवाई प्राधिकरण के जोन-2 में की गई। प्रवर्तन टीम ने पाया कि बिना तलपट मानचित्र (लेआउट प्लान) स्वीकृत कराए अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। ध्वस्तीकरण के दौरान एमडीए के सहायक अभियंता, अवर अभियंता और प्राधिकरण की पूरी टीम के साथ संबंधित थाने का पुलिस बल तैनात रहा, जिससे अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया।

# डीआईजी व एसएसपी ने देखी परीक्षा की व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस महानिरीक्षक सहारनपुर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु आरक्षियों की आउटडोर परीक्षा का निरीक्षण किया है। इस दौरान अधीनस्थ अधिकारी भी मौजूद रहे। शनिवार को सहारनपुर के डीआईजी अभिषेक सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने आरटीसी मुजफ्फरनगर में आयोजित होने वाली आउटडोर परीक्षा का निरीक्षण करते हुए परेड ग्राउंड में चल रही विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हे पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण पुरा करने के लिए उत्साहित किया। साथ ही अधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षुओं को गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ प्रशिक्षण के प्रत्येक चरण में सुनिश्चित करने के लिए कहा है।



मुजफ्फरनगर: उद्योगपति आलोक स्वरूप के आवास पर शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान के पदाधिकारी।

# मंदिर सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र भी बनें: संजय

■ **शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान ने आलोक स्वरूप को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान ने मंदिरों को समाज के व्यापक विकास का केंद्र बनाने की कवायद शुरू करते हुए करने संस्था ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को जोड़ते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया है।

शनिवार को शश्वत प्रतिष्ठान केसर रक्षक एवं उद्योगपति आलोक स्वरूप के राजभवन आवास पर मीडिया से डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से संस्था के उद्देश्यों और योजनाओं को साझा करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा ने शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान के अभियान पर बनी 13 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई। उन्होंने बताया कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि समाज का मूल आधार है। इसी सोच के तहत शाश्वत हिन्दू मंदिर इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।इस इकोसिस्टम के अंतर्गत शाश्वत देवालय, शाश्वत प्रांगण, शश्वत बाजार, शाश्वत कार्ड और आशीर्वाद कार्ड जैसी योजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य मंदिरों को सामाजिक, आर्थिक और पारिवा. रिक गतिविधियों का केंद्र बनाना है। संजय शर्मा ने कहा कि मंदिरों को भक्ति के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाना समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को धर्म और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने 'शाश्वत कार्ड' (डेबिट कार्ड आधारित व्यवस्था) की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह केवल बैंकिंग सुविधा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का माध्यम है।इस कार्ड के माध्यम से किए गए खर्च का एक हिस्सा मंदिरों के संवर्धन, शाश्वत प्रांगण के संरक्षण और आश्रम सेवा में लगाया जाएगा। इस प्रकार उपभोक्ता का सामान्य खर्च भी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में योगदान देगा। संस्था ने आशीर्वाद कार्ड को आस्था और आर्थिक सशक्तिकरण का अनूठा प्रयास बताया। इस कार्ड के जरिए उपयोगकर्ताओं को रिवॉर्ड या रॉयल्टी प्वाइंट्स मिलेंगे, जो देशभर के लगभग 8 लाख ऑनलाइन होटल, अस्पताल और 5.5 लाख दुकानों में उपयोग किए जा सकेंगे। संजय शर्मा ने बताया कि शश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान देश के 14 राज्यों के 20 चुनिंदा स्थानों के साथ ही मुजफ्फरनगर में भी शाश्वत प्रांगण की स्थापना करने जा रहा है, इसके लिए एक ऐसे मंदिर की तलाश की जा रही है, जिसमें पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो सके। बताया कि इस अभियान में शुरूआत से ही आलोक स्वरूप को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा रहा है। सितम्बर तक शाश्वत प्रांगण वजूद में आ जायेंगे। आलोक स्वरूप और इनका परिवार पूर्ण सहयोग कर रहा है। आलोक स्वरूप को शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा रहा है।

इस दौरान शश्वत हिंदू प्रतिष्ठा में रवि कटारिया को सह संगठन मंत्री, उद्योगपति आलोक स्वरूप को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और अभिनव स्वरूप व श्रवण अग्रवाल को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया।

# ससुरालियों पर जबरन जहर पिलाने के प्रयास का आरोप

■ **विवाहिता अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता के परिजनों ने विवाहिता के ससुरालजनों पर जबरदस्ती जहर पिलाने के प्रयास का आरोप लगाया है। और इसकी शिकायत पुलिस में की गई है, हालांकि पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन सच्चाई क्या है यह भी पुलिस जांच काविषय है क्या ससुराल के लोगों ने रंजिश में विवा. हता को जहर पिलाने का प्रयास किया या फिर उत्पीडन के चलते ऐसा आरोप लगाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बडौदा निवासी लगभग 30 साल की एक महिला ने शनिवार के दिन डायल नंबर 112 पर पुलिस को फोन किया कि उसकी सास ने गृह कलह के चलते उसके हाथ पकड़े और उसके जेठ ने जबरदस्ती उसको जहर पिला दिया। इस सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया और डायल पुलिस बुढ़ाना पुलिस के साथ अविलम्ब घटनास्थल की और दौड़ पड़ी। जहां सूचना देने वाली महिला अचेत अवस्था में पड़ी थी और उसके ससुरालिए भी वहीं पर थे। तब उसको आनन फानन में पुलिस ने ससुरालियों की सहायता से ही कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर थी। पुलिस को ससुरालियों ने बताया कि यह अपने पति से किसी बात पर लड पड़ी और उसकी सास ने उसको भला बुरा कह दिया। बस इसी बात से क्षुब्ध होकर इसने जहर खा लिया। इस घटना की सूचना पर विवाहिता के पीहर वाले भी मौके पर पहुंच गये थे और वे भी अपनी पुत्री की बात को ही सही ठहरा रहे थे और कह रहे थे कि उनकी बेटी को उसके ससुरालिए बिना वजह ही प्रताड़ित करते आ रहे हैं। उधर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# 50 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप

## बैंकेट हाल स्वामी ने तहरीर देकर मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के बैंकेट हाल स्वामी से 50 लाख की रंगदारी मांगने और फर्म पर जबरन कब्जा करने की धमकी देने का मामला शहर कोतवाली पहुंचा है। पीड़ित संचालक ने तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

बताया जाता है कि नगर कोतवाली के हनुमान चौक के निकट एक प्रसिद्धफार्म है जिसका संचालक विपिन बालियान है उन्होने कोतवाली पुलिस को एक तहरीर दी है जिसमें बताया गया कि 26 मार्च 2026 की दोपहर उनको दोपहर के समय अपना गेट खुलने का एहसास हुआ। इसी बीच कुछ लोग फार्म के अंदर घुस आए। आरोप है कि उक्त व्यक्ति चार लोग थे और कुछ लोग गेट पर ही खड़े रहे एक व्यक्ति अंदर पहुंचा और उसने अपना नाम बताते हुए यहां के कर्मचारियों को डराया और धमकाया।

पीड़ित का कहना है कि इस समय यहां फार्म के मैनेजर अजय कुमार भी थे और उन्हे चेतावनी देकर कहा गया कि वह अपने मालिक से 50 लाख रूपये उनके पास पहुंचा दे। साथ ही यह भी धमकी दी गई कि यदि पैसा नहीं पहुंचाया गया तो उनके फार्म पर कब्जा कर लिया जाएगा। दी गई तहरीर में अन्य आरोप भी लगाए गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने परिवार के अन्य लोगों का खौफ दिखाते हुए उन्हे धमकी दी है और आरोपियों के विरूद्ध पहले भी मुकदमे दर्ज है।

पीडित ने पुलिस को बताया कि वह इस घटना की सच्चाई सीसीटीवी कैमरे में देख सकते है। यह मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और सीओ सिटी के संज्ञान में भी पहुंचा जहां पीड़ित ने दोनो अधिकारियों को एक पत्र भेजकर जहां न्याय की मांग की वहीं सीसीटीवी के आधार पर कार्यवाही की भी मांग की है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। मामला रंगदारी का है या धमकी का इसके पीछे कोई ओर कारण है अब यह पुलिस जांच का विषय है फिलहाल एसएसपी के निर्देशन में इस मामले की जांच शुरू कर दी गई।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
फीस 100/- रूपये मात्र
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592



सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
J&J हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है। Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पता: चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

# कातिलाना हमले में दो को आजीवन कारावास

■ **कोर्ट ने दोनों पर लगाया बीस-बीस हजार रूपये का जुर्माना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कातिलाना हमले और धमकी के मामले में कोर्ट ने दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर बीस-बीस हजार रूपये का जुर्माना भी किया है। इस मामले में पांच वर्ष बाद फैसला आया है।

अभियोजन के अनुसार 29 जुलाई 2021 को मोमीन पुत्र इस्लाम निवासी मेघाखेडी थाना नई मंडी कोतवाली में पुलिस को तहरीर दी थी कि जिसमे बताया गया था कि 27 जुलाई 2021 को गांव के ही आमिर असलम उर्फ खुजला पुत्र अख्तर व विनोद उर्फ बबलू पुत्र जगवीर ने उसके साथ मारपीट की और गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर में धमकी का भी आरोप लगाया गया था जहां पुलिस धारा 307, 34, 324, 506 आईपीसी के तहत दर्ज किया और एक अगस्त 2021 को आमिर व विनोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद मुकदमे के विवेचक ने कार्यवाही को आगे बढाया और जांच पडताल कर दो सितम्बर 2021 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजी कुलदीप कुमार ने की और यह मामला हाल में एडीजे एफटीसी कोर्ट तृतीय के यहां विच. ाराधीन था। कोर्ट में घटना से संबंधित सबूत रखे गए और गवाह पेश किए गए जहां कोर्ट ने दोनो लोगों को आजीवन कारावास और उन पर बीस हजार रूपये का जुर्माना किया है।

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR.- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.

# सादिक के परिजनों को सौंपा दो लाख का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीते वर्ष 26 सितम्बर को मेरठ मेडिकल में पुलिस अभिरक्षा में उपचार के चलते सादिक मलिक ने दम तोड दिया था। आज उसके पिता रियाज को समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र मलिक ने सांसद हरेंद्र मलिक के निर्देश पर बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पूर्व सांसद कादिर राणा और पूर्व मंत्री मुफ्ती जुल्फिकार कुरैशी की मौजूदगी में समाजवादी पाट्ह्र के सुप्रीमो अखिलेश यादवध के द्वारा भेजा गया 02 लाख रुपये का चेक सौंपा। वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल ने इस 02 लाख रुपये की धनराशि में और भी बढ़ोतरी करते हुए अपनी और से भी 21 हजार रूपये नगद दिए और कहा कि ये धनराशि मृतक के परिवार के लिए कुछ भी नही है। अखिलेशघ यादवघ पीड़ित परिवार के साथ हैं और सरकार आने पर जो मुकदमे फजह्र हुए हैं वे खत्म किए जाएंगे। इस दौरान यहां पूर्व सांसद कादिर राणा, जमियत उलेमा ए हिंद के जिला मीडिया प्रभारी हाजी अख्तर कुरेशी, श्यामलाल उर्फ बच्ची सैनी, अरविंद भटनागर, दिलशाद कुरैशी पहलवान, सुबोध त्यागी, प्रताप नारायण त्यागी, सभासद इमरान कुरैशी, पूर्व सभासद राशिद मंसूरी, ठेकेदार दीपक प्रजापति, बालकिशोर त्यागी, अभिनव वशिष्ठ एडवोकेट, बाबू मल्लाह, सलीम कुरैशी, अकरम पलड़ी व सलीम राणा आदि सपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

**सादिक प्रकरण में यह था पूरा मामला........**

बुढ़ाना। बीती वर्ष 17 अगस्त को कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला करबला रोड निवासी रियाज मलिक के घर में सुबह के वक्त एक चोर किसी घटना के इरादे से घुसा था। मौहल्ले के लोगों की मदद से उसे पकड लिया गया था तो कुछ युवकों ने उसकी पिटाई कर उसे चेता. वनी देकर छोड़ दिया था। इस पिटाई का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था। इस मामले में रियाज ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। अगले दिन युवक की इलाज के अभाव में उसके घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक की पत्नि ने रियाज के पुत्र सादिक सहित 11 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने सादिक सहित 2 आरोपियों को गोली मारकर जेल भेजा था जबकि अन्य 3 आरोपी भी जेल भेजे गये थे। मुठभेड में घायल सादिक उसी दौरान मुजफ्फरनगर जेल में बंद था तो घ्कुछ दिन बाद उसकी तबियत ज्यादा खराब हो गयी थी तो उसे मेरठ रैफर किया गया था। जहां पर उपचार के चलते बीते वर्ष 26 सितम्बर को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी थी।

**सादिक जिस दिन पकड़ा गया उसी दिन बीवी ने दिया था बच्चे को जन्म**

**बुढ़ाना।** मृतक सादिक मलिक इतना अभागा निकला कि वह कस्बे की गंदी राजनिति की भैंट चढ़ गया था और अपने नवजात पुत्र का चेहरा भी नहीं देख पाया। उसी दौरान लगभग 38 दिन से जेल में बंद सादिक की पत्नि आयशा ने उसी समय एक बच्चे को जन्म दिया था जिस समय पुलिस ने सादिक को मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ा था। उसी दौरानघ जब सादिक का शव उसके घर पहुंचा तो उसकी पत्नि ने अपने मासूम पुत्र को उसके पिता का कफन में लिपटा हुआ चेहरा दिखाया तो वहां पर मौजूद सभी महिलाओं की रुलाई जबरदस्त तरिके से फूट पड़ी थी।

## मृतक छात्र के परिजनों को कैबिनेट मन्त्री ने दी सांत्वना

**मोरना।** मृतक छात्र दिव्यांशु के परिजनों को सांत्वना देने का सिल. सिला जारी है।शनिवार को कैबिनेट मन्त्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने परिजनों की ढांढस बंधाई व न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र दिवांशु राणा पुत्र अमित कुमार जटराना की बीते सोमवार की शाम देहरादून के केहरी गांव स्थित बाबा रसोई ढाबे के पास छात्रों के एक गुट द्वारा धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गयी थी।दिव्यांशु देहरादून स्थित उत्तरांचल यूनिवर्सिटी का छात्र था। इस अवसर पर मुख्य रूप से रालोद मण्डल अध्यक्ष प्रभात तोमर,क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी,बिन्नू राठी,प्रधान रविन्द्र सिंह,अरुणपाल संजय राठी आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय विज्ञाना में हुए रंगारंग कार्यक्रम



**बुढ़ाना।** प्राथमिक विद्यालय विज्ञाना में शनिवार को वार्षिक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यहां छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रंगारंग प्रस्तुतियां दी जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हम वक्त बदल देंगे जज्बात बदल देंगे देशभक्ति नृत्य ने दर्शकों में देश प्रेम की भावना जगाई।

छात्राओं ने प्रस्तुत नाटक बेटी हूं मैं तारा बनूंगी ने समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित किया। एक अन्य नाटक ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव व मोबाइल के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला जिससे आधुनिक जीवन शैली पर पड़ने वाले नकारात्मक असर पर विचार करने को मजबूर किया। मारो मारो ढोलना राजस्थानी नृत्य ने सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारी शक्ति और जलवा जलवा जैसे नृत्यों ने भी खूब तालियां बटोरी। बच्चों की ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल ने सब लोगों का दिल जीत लिया। विद्यालय को रंग बिरंगे टैंट पट्टी, फूलों व गुब्बारों से बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था। मुख्य अतिथि विज्ञाना गांव के प्रधान उमरद. राज, विशिष्ठ अतिथि इस्तकार त्यागी व अध्यक्षता मेहरबान द्वारा की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुयी। इसके बाद कक्षा 5 की छात्राओं ने स्वागत गान और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की। विद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों के अलावा खेल, शिक्षा, कला और विज्ञान को साझा किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरित किए। कक्षा पांच के छात्र जैद अहमद ने प्रथम स्थान, छात्र जिया दूसरे स्थान और छात्रा जोया तृतीय स्थान पर रही।

# मरीजों को सीएचसी पर नहीं मिले कई डाक्टर

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना परिसर में सैंकड़ों मरीजों ने उस समय जमकर हंगामा काटा जब उनको मौके पर कुछ डाक्टर नहीं मिले। सभी मरीजों का आरोप था कि बुढ़ाना की सीएचसी में अव्यवस्थाओं का अंबार है। समय समय पर डॉक्टरों की गैर हाजिरी ही रहती है। उनको चक्कर पर चक्कर कटाए जाते हैं। यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति से हम सभी अवगत हैं लेकिन हम सोचते थे कि चलो कोई नहीं सब ठीक हो जाएगा लेकिन रोज की इसी तरह की स्थिति से उनमें स्वास्थ्य विभाग के प्रति गहरा गुस्सा है। यहां पर समय पर डाक्टर नहीं आते। कोई भी जांच नहीं होती। कई डॉक्टरों की कुर्सियां खाली मिलती हैं। इस हंगामे की सूचना पर पत्रकारों ने भी मौके पर दौड़ लगाई और मरीजों की पीड़ा को सुना। दूसरी और इस हंगामे के संबंध में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने भी एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि आज कुछ मरीजों द्वारा यह जानकारी संज्ञान में लाई गई कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर प्रात 11 बजे तक कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि डॉक्टर शायरा परवीन एवं डॉक्टरश्वेता चौधरी रेडक्रॉस भवन मुजफ्फरनगर में आयोजित एक दिवसीय एचआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रही थी और साथ ही डॉक्टर विकास कुमार एवं श्रीमती स्टाफ नर्स लता एसटीईएमआई प्रशिक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज मेरठ में गयी हुई हैं।

# मुजफ्फरनगर- रुड़कली में भाकियू ( तोमर ) ने की पंचायत



**मुजफ्फरनगर।** जनपद के गांव रूडकली में भारतीय किसान यूनियन (तोमर) द्वारा एक विशाल पंचायत का आयोजन किया गया। युवा ग्राम अध्यक्ष के आवास पर आयोजित इस सभा में क्षेत्र के भारी संख्या में किसानों ने हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। पंचायत को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने हमेशा किसान हितों के लिए संघर्ष किया है और कई जटिल समस्याओं का समाधान भी कराया है।

उन्होंने किसानों के त्याग को याद दिलाते हुए कहा, ष्जब लॉकडाउन के दौरान पूरा देश ठहर गया था, गाड़ियाँ और उड़ानें रुक गई थीं, तब भी किसान खेतों में रात-दिन पसीना बहा रहा था ताकि देश का कोई नागरिक भूखा न सोए।ष्चौधरी संजीव तोमर ने वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में अमे. रिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण देश में गैस संकट की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने अह्वान किया कि देश को एक बार फिर किसानों की मदद की आवश्यकता है। हमें एकजुट होकर इस किल्लत को दूर करने में अपना योगदान देना होगा। 3 दर्जन से अधिक सदस्य शामिल। किसानों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और किसी भी नागरिक को परेशान नहीं होने देंगे। इसी कड़ी में संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर 3 दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने भाकियू (तोमर) की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आसिफरू जिलाध्यक्ष चिकित्सक प्रकोष्ठ शानू पहलवानरू तहसील अध्यक्ष कार्यकारिणी अजय त्यागी प्रदेश प्रभारी (कार्यकारिणी) रशाद, सोनू, रिहान, मुकेश गुर्जर आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## युवक पर लगा पत्नी को भगाकर ले जाने का आरोप

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एक युवक ने अन्य युवक पर अपनी पत्नि को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए अपनी पत्नि की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। ओमकार पुत्र बीरसैन निवासी ग्राम मोहम्मदपुर रायसिंह ने बतलाया कि उसकी लगभग 30 वर्षीया पत्नी वन्दना बीते वर्ष 22 दिसम्बर को बिना बताये घर से चली गयी थी। उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। आरोप है कि वन्दना को राजबीर पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम सरथल जिला सोनीपत हाल पता तहसील गंनौर मौहल्ला बढी जिला सोनीपत हरियाण ले गया है

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र काव्य गर्ग के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 0003945, दिनांक 29.11.2011 में त्रुटिवश पिता के रूप में मेरा नाम पवन गर्ग हो गया था, जो गलत है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम पवन कुमार गर्ग है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**पवन कुमार गर्ग पुत्र स्व. जयप्रकाश गर्ग**
**निवासी-769/1, संजय मार्ग पटेलनगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर ( उ.प्र. )।**
**मोबाइल नम्बर- 9997017499**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है संत शिरोमणि गुरु रविदास मन्दिर चांदपुर सेवा समिति, ग्राम चांदपुर तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:- 1.श्री महीपाल सिंह अध्यक्ष 2.श्री संदीप कुमार उपाध्यक्ष 3.श्री प्रबल कुमार महासचिव 4. श्री रामस्वरूप सहसचिव 5. श्री सन्त कुमार कोषाध्यक्ष 6. श्री सुरेन्द्र ऑडिटर 7.श्री नरेश कुमार प्रचारमन्त्री 8. श्री शत्रुधन उपप्रचारमन्त्री 9.श्री ब्रिजेश कुमार मीडिया प्रभारी 10. श्री रणकेश संगठनमन्त्री 11.श्री सतीश सदस्य 12. श्री अशोक कुमार सदस्य 13.श्री नरेश कुमार सदस्य 14.श्री बबलू कुमार सदस्य 15. श्री अनुज कुमार सदस्य 16. श्री कार्तिक कुमार सदस्य 17.श्री भूपेन्द्र कुमार सदस्य 18. श्री मुकेश कुमार सदस्य 19.श्री नीरज कुमार सदस्य 20. श्री मनीष कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गए हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है। आज्ञा से

**( शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय )**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्रवधू श्रीमती बालेश पत्नी मैनपाल मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गयी है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। श्रीमती बालेश के किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन की स्वंय जिम्मेदार होगी।

**श्रीमती बाला**
**पत्नी स्व. मामचन्द्र**
**निवासी- ग्राम मेघाखेडी**
**थाना नई मण्डी**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# शिक्षाविद की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मोरना।** शिक्षाविद स्व. उदयवीर सिंह की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो मरीजो के स्वास्थ्य की जांच कर नि:शुल्क उपचार किया गया व मुफ्त औषधि प्रदान की गयी।

मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व.चौधरी उदयवीर सिंह की स्मृत में शनिवार को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर में ग्रेटर नोयडा स्थित शारदा हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई व निरूशुल्क औषधि प्रदान की गयी। शिविर में दिल की जांच के लिये ईसीजी जांच,ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच,हीमोग्लोबिन, हढियों में कैल्शियम की जांच की गयी।स्कूल के डायरेक्टर विराज तोमर ने बताया कि स्वर्गीय उदयवीर सिंह द्वारा क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा की नींव रखी गयी थी।आज हज़ारों बच्चे शिक्षा के माध्यम से अपना भविष्य उन्नत बना रहे हैं। शिक्षा के साथ सेवा भाव को लेकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 232 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच नि:शुल्क की गई है। इस दौरान शारदा हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. गौरव पांडे ,क्षेत्रिय प्रबन्धक महेश शर्मा,वरिष्ठ चिकित्सक आकाश अवाना, डॉ.किशोर तिवारी मेडिसिन,डॉ. अनुपम शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ. मिनोती चौहान दंत चिकित्सक, डॉ. मानसी राय दंत चिकित्सक सहित प्रधानाचार्या रीता शर्मा, अजय गुप्ता, संयोगिता रानी आदि मौजूद रहे।

# दयानन्द इंटर कालिज का रिजल्ट घोषित



**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानन्द इण्टर कालिज बडौत रोड बुढाना में वर्ष 2026 का परीक्षाफल घोषित किया गया।

जिसमें अपनी कक्षाओं में उच्च स्थान पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत और ब्रजपाल सहरावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस अवसर पर बुढाना कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी ललित कसाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती उमेश सहरावत ने विद्यालय का प्रगति रिपोर्ट कार्ड सभी के समक्ष रखा और बताया कि हमारे विद्यालय अनेक मेधावी विद्यार्थी डाक्टर, इंजीनियर एवं वैज्ञानिक क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे हैं। मंच का संचालन मदनपाल राठी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बुढाना चौकी प्रभारी ललित कसाना, विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, विद्यालय की संचालिका उमेश सहरावत, ब्रजपाल सहरावत, डा.चन्द्रपाल, डा. सतेन्द्र आर्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सोनू कुमार, अमित, नितिन, हरेन्द्र, अनिता, सीमा, रजनी, दीपा और सुनीता समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**आवश्यकता है**

जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड

(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक) विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।

**:- प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:**
. स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता)
. B-Ed
. उत्तम नेतृत्व एवं प्रबंधन क्षमता
:- अध्यापकों के लिए योग्यता:
.स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में)
.B-Ed/BTC
:- विशेषताएँ-
. आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार)
. अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
:- प्रवेश संबंधित सूचना:
. प्रवेश प्रारम्भ (Admissions Open)
- मासिक शुल्क:-रु 50 मात्र
. प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
:- स्थान- चरथावल रोड
इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें:-
मोबाइल- 9368215210

# एसडी कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न




**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के सबसे पुराने, प्रतिष्ठित और यूजीसी नैक द्वारा श्श ग्रेड प्रत्यायित शिक्षण संस्थान सनातन धर्म कॉलेज का वार्षिकोत्सव सनातन सांस्ख्रतिक क्लब तथा भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया स कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्रबंध सचिव अखिलेश दत्त (मुख्य अतिथि) प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर, प्रबंध समिति के सदस्य अशोक तायल आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके की स कॉलेज की छात्रा पीहू शर्मा ने माँ सरस्वती की वंदना का गायन किया स प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत वक्तव्य दिया तत्पश्चात भारतीय भाषा, संस्ख्रति एवं कला पर आधारित विविध सांस्ख्रतिक कार्यक्रमों का अत्यंत ही गरिमापूर्ण तरीके से आयोजन किया गया।

सनातन धर्म कॉलेज, प्रेस समिति के संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र (हिंदी-विभाग) ने बताया कि गणेश वंदना, माँ सरस्वती की वंदना, शिव आराधना, मधुराष्टकम्, राम की चेता. वनी राजस्थानी लोकनृत्य, गुजराती गरबा, असम के बिहू नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, लावनी, नवदुर्गा नाटङ, मंजूलिका शास्त्रीय नृत्य, मीरा शास्त्रीय नृत्य, गायन, आतंक का अंत रू नाटक, कफन का सच (कविता) आदि के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला की जीवंत छटा बिखेरी स इसके पश्चात प्राचार्य जी द्वारा छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण एवं शारीरिक शिक्षा-विभाग द्वारा ट्रैक शूट वितरण किया गया। प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर के सम्बोधनोपरांत संस्कृत-विभाग की प्रो. शुचि अग्रवाल द्वारा सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया स कार्यक्रम का संयोजन प्रो. शुचि अग्रवाल एवं डॉ. सविता ने तथा संचालन डॉ. सविता, पीहू शर्मा और तानिया मित्तल ने संयुक्त रूप से किया स इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया जिनके नाम इस प्रकार हैं-पूजा, अंशिका, नेहा पाठक, आकांक्षा, आँचल, अनुष्का, सलोनी, शिवानी, मानसी, मुस्कान, नयन्शी, इशिका, शिवानी वर्मा, काजल, आदित्य, विधि, सौरभ गौर, छवि, सरन्या मित्तल, राघव सैनी, दीपक, आदित्य बंसल, आदित्य सैनी, अनु गोस्वामी, मानसी, मीनाक्षी, विकास, अंकित, रिया, सौरभ, राजीव, जेना, काजल, शिवानी वर्मा, वर्षा, अंजलि, छवि, आँचल,आकांक्षा, अंशिका शर्मा, वैदेही शर्मा, प्राणवी शर्मा एवं विक्रांत कुमार आदि। इस अवसर पर प्रो. अजयपाल सिंह, प्रो. विजयलक्ष्मी, प्रो. आरुणिमा रानी, प्रो. ममता श्याम, प्रो. अलका बंसल, प्रो. दिव्या बख्शी, डॉ. महिमा, डॉ. अरविन पंवार, प्रो. विकास वर्मा, डॉ. वसंत, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ. पीयूष शर्मा, लेफ्टिनेंट अजय, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. सरिता ढाका, डॉ. नवीन कुमार,डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. खुशबू यादव, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. ध्रुव गुप्ता, डॉ. गौरव भारती, डॉ. मुहम्मद सलीम, डॉ. मदनपाल, डॉ. निशा चौहान, डॉ. आशना गुप्ता, डॉ. अनूप पटेल, डॉ. शुभी चौरसिया, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. शालिनी कुशवाहा, डॉ. अरुण, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. निकिता, डॉ. भूपेश जांगिड़, डॉ. संतोष यादव, डॉ. गौरव यादव, डॉ. शिवानी मौर्या, डॉ. निशा चौहान डॉ. करमजीत कौर,डॉ. नागेंद्र, डॉ. चंद्रमणि सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी गौकश गिरफ्तार, जवाबी कार्रवाई में हुआ घायल

**आरोपी के पास से असलाह व मोटरसाईकिल भी बरामद**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के इनामी गौकश को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से अवैध हथियार और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल अपनी टीमप्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र बघेल, व0उ0नि0 राजकुमार बालियान, उ0नि0 मनोज कुमार, उ0नि0 सूर्य प्रताप सिहं, है0का0 मोमराज, का0 प्रवीण कुमार, का0 अंकित कुमार, का0 विनित बालियान, है0का0 मुनीश, है0का0 शीतल देव चौधरी, है0का0 उमेश कुमार, है0का0 194 विकास कुमार, का0 शौबीर, का0 विवेक, है0का0 मनीष त्यागी सर्विलांस सैल के साथ एनएच-58 से ग्राम सरधन जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। भागने के दौरान बाइक फिसलने से आरोपी गिर पड़ा। खुद को घिरता देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और ईख के खेत की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन न मानने पर जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से घायल आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। उसकी पहचान शकील पुत्र बिन्नी, निवासी ग्राम रुहासा थाना दौराला द्धमेरठत्र्, हाल निवासी मोहल्ला देवीदास, खतौली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई। एएसपी रामआशीष यादव के मुता. बिक, आरोपी पर गौवध अधिनियम सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वह हाल ही में दर्ज एक मामले में फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अमीर फातमा (AMEER FATIMA) से बदलकर अमिर फातमा (AMIR FATMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे अमिर फातमा (AMIR FATMA) के नाम से जाना - पहचाना जाए

AMIR FATMA,
W/O. FARUK,
H-NO-550, VILLAGE
TEWRA Po-TEWRA,
TAHSIL JANSATH,
PS-KAKRAULI, DISTT-
MUZAFFAR NAGAR-UP,
PIN CODE-251316.

# राज्य सीमा विवाद के निस्तारण को राजस्व विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** उत्तराखंड ,बिजनोर व तहसील जानसठ क्षेत्र के खादर से जुड़े सीमा विवाद के निस्तारण को लेकर शनिवार को उत्तराखंड,बिजनोर तथा जानसठ तहसील के अधिकारियों ने मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया।

जानसठ तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि उपजिलाधिकारी जानसठ द्वारा जारी आदेश के अनुसार उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जनपद की सीमा से सटे ग्राम मजलिसपुर तौफीर एवं ग्राम चांदपुरी खादर खुर्द के बीच राज्य की सीमा को निर्धारित करने को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया है। वही शिकायतकर्ता अमरपाल द्वारा हरिद्वार जनपद की चकबन्दी पूर्ण न होने को लेकर मामले उच्च न्यायालय उत्तराखंड में याचिका विचाराधीन है, जिसके क्रम में दोनों जनपदों की सीमाओं के स्पष्ट निर्धारण की आवश्यकता बताई गई है।

इसी को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार जानसठ की अध्यक्षता में एक विशेष टीम का गठन किया गया है।टीम में राजस्व विभाग के अधिकारी एवं लेखपाल शामिल किए गए हैं, जिन्हें मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम आवश्यक अभिलेखों के आधार पर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करेगी। इस दौरान मुख्य रूप से तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, कानूनगो,ललित मोहन शर्मा ,लेखपाल प्रवीण कुमार पिंटू कुमार,अंकित कुमार ,मनोज कुमार,आर आई लक्सर रमेश. चंद,अनिल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार,आशीष,सार्थक चावला ,तहसीलदार लक्सर शुभांगी, नायब तहसीलदार बिजनोर, सचिन कुमार, प्रमोद सैनी, मनीष कुमार, ईश्वर सिंह, महेशपाल,शुक्रताल चौकी प्रभारी विवेक चौधरी,प्रधान योगेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# गौ सम्मान का बिगुल: संतों का ऐलान गो रक्षा को प्राणों की आहुति से भी पीछे नहीं



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में शनिवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत संत समाज ने जोरदार जनजागरण अभियान चलाया। संतों की टोली ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गौ माता की रक्षा और सम्मान के लिए यदि आवश्यकता पड़ी तो वे अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

अभियान की शुरुआत बालाजी पुरम स्थित अनिल धामा के निवास से हुई, जहां से गोवत्स कपिल महाराज (प्रदेश प्रभारी) के नेतृत्व में संतों और ब्रह्मचारियों की टोली नगर के विभिन्न बाजारों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। पारंपरिक वेशभूषा और अनुशासित नारों के साथ संतों ने लोगों को गौ सेवा और संरक्षण के प्रति जागरूक किया।इस दौरान संतों ने वर्ष 2026 में 27 अप्रैल और 27 जुलाई को देशभर में ह्गौ सम्मान दिवसह्व मनाने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि हर गांव और मोहल्ले में गौ पूजन, सेवा और विचार गोष्ठियों का आयोजन कर नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना जरूरी है। अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर गौ संरक्षण के समर्थन में अपनी सहमति जताई।

स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों ने भी अभियान को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। राधारमण ने कहा, गावो विश्वस्य मातर:कृगाय पूरे विश्व की माता है। उन्होंने गौ सेवा को केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया।संतों ने यह भी कहा कि वे राज्यपाल, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करेंगे। चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर संत समाज आमरण अनशन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेगा। संतों के अनुसार 64 संत लिखित रूप से गौ रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार हैं।इस अवसर पर अनिल धामा, उत्तम कुमार, संदीप, नीरज, दीपक कुमार (गोसेवा तहसील प्रभारी, नकुड़), अजय कुमार गोसेवक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अब्दुर रउफ (ABDOOR RAUF) से बदल कर अब्दुर्र ऊफ (ABDUR RAOOF) रख लिया है। भविष्य में मुझे अब्दुर्र ऊफ (ABDUR RAOOF) के नाम से जाना-पहचाना जाए।

ABDUR RAOOF
S/O FARUK, -
TEWRA, H. NO:- 550,
VILLAGE-TEWRA
PS-KAKRAULI, TAHSIL
JANSATH, DISTT-
MUZAFFAR NAGAR
UP PIN CODE 251316

# किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा: सीएमओ

**बुढ़ाना/सिसौली।** सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया द्वारा शनिवार को सीएचसी सिसौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित किसानों व आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना।

सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं जैसे समय पर चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति, जांच सुविधाओं की सुलभता एवं उपचार में आ रही कठिनाइयों पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिका. रियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर तेवतिया ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी जांच कक्ष, प्रसव कक्ष एवं वार्डों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, उपकरणों की कार्य शीलता व मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करें। साथ ही, सभी प्रकार की जांच सुविधाएं नियमित रूप से संचालित रहें यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त कर कहा कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा व स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और जहां भी कमियां पाई जाएंगी वहां तत्काल सुधार किया जाएगा। उन्होंने लोगों को मौसमी बीमारियों एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, स्वच्छता बनाए रखने तथा बुखार या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान सीएचसी सिसौली के प्रभारी डॉक्टर ओपी जायसवाल सहित अन्य स्वास्थ्य कमहृ उपस्थित रहे। सबको निर्देशित किया गया कि शासन की मंशा के अनुरुप आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।




# खतौली में सचल ग्राम न्यायालय, मौके पर सुलझे कई मामले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में आयोजित सचल ग्राम न्यायालय ने आमजन को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी पहल की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीठासीन अधिकारी न्यायाधिकारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सुलह-समझौते के लिए चिन्हित मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें कई वादों का मौके पर ही आपसी सहमति से निस्तारण कर दिया गया। इससे वादकारियों को राहत मिली और लंबे समय से लंबित मामलों का समाधान संभव हो सका। इस अवसर पर बार एसोसिएशन खतौली के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय, महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता और वादकारी उपस्थित रहे।

न्यायाधिकारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश ने कहा कि सचल ग्राम न्यायालय का उद्देश्य लोगों को उनके नजदीक सरल, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के माध्यम से छोटे-छोटे विवादों का निस्तारण बिना जटिल कानूनी प्रक्रियाओं के किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए इस पहल की सराहना की। अंत में सभी उपस्थित वादकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**तितावी।** शनिवार को विकास क्षेत्र बघरा के अंतर्गत पीटी उषा कन्या इंटर कॉलेज तितावी के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकास क्षेत्र बघरा के गांवों के ग्राम प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापको ने प्रतिभाग किया। शिक्षा संगोष्ठी व उन्मुखी कार्यक्रम की अध्यक्षता पी टी ऊषा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य उषा सिंह ने की एवं विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह ग्राम प्रधान ढिढावली रहे। कार्यक्रम के आयोजक संजय भारती खंड शिक्षा अधिकारी बघरा की उपस्थिति में मां शारदे के चरण कमल में दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना गाकर सबका दिल जीत लिया। आज के कार्यक्रम में निशुतोष एआरपी ने निपुण भारत मिशन के विषय में उपस्थित सम्मानित ग्राम प्रधान प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों को विस्तृत जानकारी दी। ए आर पी सुधीर कुमार ने डीबीटी के माध्यम से शासन द्वारा अभिभावको के खाते में घ1200 की धन. राशि के बच्चों की ड्रेस हेतु सदुपयोग के विषय में चर्चा की। एवं एआरपी संगीता जावला ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित ऑपरेशन कायाकल्प के विषय में संबोधित किया वही एआरपी पूजा चौधरी ने बाल वाटिका के विषय में सबको विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सईदुद्दीन पूर्व प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय तितावी राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त, अमित कुमार लेखाकार, दीपक कुमार सहायक लेखाकार, धीरज कुमार, नरेंद्र शर्मा, अवनीश गुप्ता, अंकित कुमार, सहित विकासखंड के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र बालियान ने किया एवं सभी अतिथियों को मोमेंटो भेट करके व बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया।

### रोहाना गन्ना समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** रोहाना स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष अनिल त्यागी के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में डायरेक्टरों व डेलीगेट्स ने अपने विचार रखते हुए सर्वसम्मति से किसान भवन निर्माण का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही बढ़ेड़ी व रेई में जर्जर हो चुके खाद-बीज गोदामों के पुनर्निर्माण का भी अहम फैसला लिया गया।अध्यक्ष अनिल त्यागी ने स्पष्ट कहा कि किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इसी के तहत खाद-बीज गोदामों पर वाटर कूलर लगाने और किसान भाइयों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था जल्द सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में समिति के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे और किसानों की सुविधाओं को और मजबूत करने पर सहमति जताई गई।

### अज्ञात मैजिक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने एक अज्ञात मैजिक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम सापला तहसील ऊन थाना झिंझाना जिला शामली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 13 मार्च की सायं उसका भाई रोहित अपनी मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस से जा रहा था। वह जब शामली की ओर से मेरठ जा रहा था तो बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र मे बायवाला के समीप फ्लाई ओवर से पहले मारविल बायो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के गेट के सामने मैजिक के एक चालक के द्वारा जो तेज और बड़ी ही लापरवाही से आ रहा था उसने उसने भाई की बाइक को साईड से टक्कर मार दी। जिसमे रोहित गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा छोटा हाथी का चालक मौके से फरार हो गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी तो मौके पर पुलिस आ गयी। पुलिस के द्वारा उसको सूचना दी गयी। जिसे गम्भीर हालत मे सीएचसी बुढाना मे लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसको जनपद गाजियाबाद के लिए रैफर कर दिया। जहां पर बीती 19 मार्च को रोहित की हस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उधर बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सगे भाई पर लगाया फर्जी बैनामा कराने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने अपने सगे भाई पर उसकी जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया है। कंवरपाल पुत्र सरजीत निवासी ग्राम बडसू ने रतनपुरी पुलिस को बताया कि उसके दो लड़के लोकेश व गुढ्ढू हैं। उसकी गांव में कृषि की भूमि है। उसे कुछ रुपयो की जरुरत थी। जिसकी बाबत उसने अपने भाई राजेन्द्र से बात की थी। राजेन्द्र ने मेरी बात राजीव पुत्र भरत निवासी सिकन्दरपुर से करायी। जिसके द्वारा दो लाख रूपये देने के लिए मेरी जमीन को बन्धक रखने हेतु कहा गया था। राजेन्द्र आदि के द्वारा मुझे तहसील खतौली में ले जाकर कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करा लिये गये। कुछ दिन बाद पता लगा कि भाई राजेन्द्र, राजीव पुत्र भरत व राजकुमार पुत्र रतनलाल निवासी देहरादून के द्वारा जमीन का फर्जी बेनामा करा लिया गया था। जिसके सम्बन्ध मेरे द्वारा तहसीलदार खतौली के यहां वाद दायर किया गया। जिसके बाद उक्त जमीन का राजकुमार से दाखिल खारिज निरस्त कर मेरे नाम पर कर दिया गया तथा बैनामा कैंसिल कराने को वाद कंवरपाल बनाम राजकुमार दायर किया गया। जिसमे अभी तारीख लग रही है। बीती 30 मार्च को मैं व मेरा पुत्र लोकेश खेत पर पानी चला रहे थे। तभी मेरा भाई राजेन्द्र व उसका लडका विवेक एवं राजीव खेत पर आये और गाली गलौच कर मारपीट की। उक्त लोगो द्वारा चलते पानी मे तेजाब डाल दिया गया तथा जमीन खाली करने की बात कही गयी। मेरे द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। इस सब प्रकरण में प्रतिपक्षी जमीन खरीदने वाले राजकुमार का हाथ है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर तैयारियां तेज, टास्क फोर्स का गठन

**खतौली।** तहसील खतौली में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया। बैठक का संचालन ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने किया।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अभियान की रूपरेखा समझाते हुए शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से कार्य करें, ताकि अभियान सफल हो सके। बताया गया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का पहला चरण 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा। यह अभियान प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इसके साथ नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, ख्रषि, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन और शिक्षा विभाग मिलकर काम करेंगे। अभियान के तहत वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया जाएगा। हृदस्तक अभियानहृ के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बीमारियों और कुपोषण से बचाव के उपाय बताएंगी तथा संदिग्ध मरीजों की पहचान कर सूची तैयार करेंगी, जिससे समय रहते इलाज संभव हो सके। बैठक में खंड शिक्षा अधिक. ारी पंकज अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी राजीव, सीडीपीओ अत्येन्द्र, एडीओ पंचायत अरुण, एचईओ उमेश, बीपीएम जावेद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडी इन्जिनियरिंग के छात्रों ने किया मोरना शुगर मिल का औद्योगिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कालेज आफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 62 छात्रों ने उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध मोरना शुगर मिल, मुजफ्फरनगर का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें उद्योगों में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। छात्रों ने मिल में गन्ने से चीनी निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से देखा, जिसमें गन्ने की पेराई, रस निष्कर्षण, सफाई, उबाल, क्रिस्टलीकरण और अंततः पैकेजिंग जैसी विभिन्न चरण शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने बॉयलर, टरबाइन, गियर सिस्टम और अन्य यांत्रिक उपकरणों का निरीक्षण किया। इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्रों ने नियंत्रण प्रणाली, ऑटोमेशन, प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर और सेंसर टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

मिल के तकनीकी विशेषज्ञ मुख्य अभियन्ता श्री शशिकान्त यादव व सहायक अभियन्ता श्री मेहरबान अली ने छात्रों को व्याख्यान के माध्यम से औद्योगिक सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता और मशीनों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा, क्योंकि इससे उन्हें अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। मिल में छात्रों का मुख्य आकर्षण विद्युत उत्पादन ईकाई रहा। जिसमें गन्ने की खोई से स्टीम टरबाईन द्वारा विद्युत का उत्पादन किया जाता है। इस भ्रमण ने छात्रों में उद्योग के प्रति रुचि, जागरूकता और भविष्य के करियर के लिए प्रेरणा उत्पन्न की। संकाय सदस्यों की देखरेख में संपन्न यह यात्रा सफल और ज्ञानवर्धक रही।

# प्राइमरी स्कूलों में घट रही छात्रों की संख्या

## सरकार की सहायता के बाद भी प्राइवेट स्कूल हो रहे बच्चों से आबाद

**स्कूल संचालक की मर्जी से खरीदनी पड़ती है यूनिफॉर्म व किताबें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अब प्राइवेट छोटे स्कूलों का खुलने का समय आ गया है अब इन स्कूलों में जहां छोटे बच्चों के नए एडमिशन होगे तो वहीं पिछली कक्षा पास करने वाले छोटे छात्र को दूसरी कक्षा में जाने के लिए कोर्स भी खरीदना पडेगा। इसमें बड़ी बात यह है कि अब जहां अभिभावकों को महंगी फिस के लिए सोचना पडेगा वहीं स्कूल संचालकों की मनमर्जी किताबे और वो भी उनकी मर्जी की दुकानों से खरीदने के लिए भी लाचार होना पडेगा। हर स्कूल अपनी अलग यूनिफॉर्म चलाता है जहां अभिभावकों को स्कूल संचालक की मर्जी की दुकान से ही यूनीफार्म भी खरीदनी पडेगी। यह कोई नई बात नहीं है कई वर्षो से देखने को मिल रहा है कि प्राइवेट छोटे स्कूल में अभिभावकों को स्कूल संचालक के निर्देश का पालन करना ही पड़ता है।

बता दे कि हर गांव, कस्बे व शहर के अधिकतर मौहल्लों में प्राइम. री स्कूल होते थे, लेकिन कई वर्षो से देखने को मिल रहा है कि अभिभावकों बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा दिलाना अच्छा समझते है, लेकिन इसके लिए उन्हे काफी जेब खर्च करना पड़ता है। अब सवाल यह है कि आखिर सरकार द्वारा चलाए गए प्राइमरी स्कूल में रफ्ता-रफ्ता बच्चों की कमी क्यो होने लगी है जबकि प्राइमरी स्कूलों में पहले की तरह ही अध्यापक है और पहले से ज्यादा प्राइमरी स्कूलों के खर्चे है और इतना ही नहीं सरकार प्राइमरी स्कूल में बच्चों के लिए तरह-तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। खाने से लेकर कुछ स्कूलों में तो यूनिफार्म और किताबे भी सरकार बच्चों को उपलब्ध करा रही है, लेकिन आखिरी क्या वजह है जो अभिभाव बच्चों को प्राइमरी स्कूल में न भेजकर प्राइवेट में पढ़ाना उचित समझ रहे है, जबकि सरकार के खर्च पहले की तरह ही है। अब एक सवाल यह भी है कि प्राइवेट स्कूलों में कई जगह देखने को मिला है कि स्कूल संचालक हर वर्ष पूरा-पूरा कोर्स बदल देते है जिससे पिछले कक्षा को उत्तीर्ण करने वाला छात्र उन किताबों से पढ भी नहीं सकता। इसकी शिकायत शिक्षामंत्री से लेकर स्थानीय अधिकारियों से भी समय-समय पर की जाती है, लेकिन प्राइवेट स्कूल संचालक की मनमानी खत्म नहीं होती।

# महिला खिलाड़ियों ने नेटबॉल प्रतियोगिता में दिखाए दम खम

**बुढ़ाना।** चतुर्थ फास्ट फाइव जूनियर नेशनल नेटबॉल चौंपियनशिप बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन बीती 27 मार्च से शुरु होकर आज रविवार को समाप्त होगा।

यह आयोजन बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला के रकबे में शामली मार्ग पर स्थित श्री प्यारे जी स्पोर्ट्स एकेडमी जौला में किया जा रहा है। इस भव्य प्रतियोगिता का उद्घाटन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों गणमान्य लोगोंघ की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आई विभिन्न राज्यों की टीमों का स्वागत किया एवं सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों से आए बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं जिससे इस प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक एवं आकर्षक बना हुआ है।




आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन एवं आपसी भाईचारे का उत्ख्रष्ट प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। आयोजकों द्वारा खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस में मानवघ सेवा धर्म प्रचार रायपुर अटेरना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जोगेंद्र शास्त्री का सहयोग जबरदस्त तरीके से देखने को मिल रहा है।

# संचारी रोग नियंत्रण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**मुजफ्फरनगर।** कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में संचारी रोग नियंत्राण अभियान एवं दस्तक अभियान की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की शासी निकाय एवं अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडलकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया सहित संचारी रोग नियंत्रण से जुड़े समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सहभागिता की। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संचारी रोगों की रोकथाम में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी निजी चिकित्सा संस्थानों एवं जांच इकाइयों को निर्देशित किया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की सूचना निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए। निर्देशों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार उनका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रथम चरण 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। यह अभियान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में सम्मिलित है, जिसके अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्धनोडल विभागऋ के साथ नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, ख्रषि, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ भारत मिशन तथा शिक्षा विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हैं। अभियान के अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के साथ-साथ व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे।

दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संचारी रोगों एवं कुपोषण से बचाव के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करेंगी तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान कर सूची तैयार करेंगी, जिससे समयबद्ध उपचार सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, स्क्रब टायफस, डायरिया एवं टाइफाइड जैसे रोगों की रोकथाम हेतु संबंधित विभागों को मुख्य सचिव द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त वेक्टर जनित रोग नोटिफाएबल श्रेणी में आते हैं, जिनकी समयबद्ध रिपोर्टिंग अनिवार्य है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि तापमान में वृद्धि के साथ गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में संचारी एवं वेक्टर जनित रोगों की जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। बुखार की स्थिति में विलंब घातक सिद्ध हो सकता है, अतः तत्काल जांच कराना आवश्यक है, जो सभी सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद्र गुप्ता ने क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति पर प्रकाश डाला। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्धप्डं।ऋ के सहयोग से अधिक से अधिक क्षय रोगियों को गोद दिलाया जाए, जिससे उनके उपचार एवं पोषण में सहयोग मिल सके। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बताया कि यूपी हेल्थ डैशबोर्ड में मुजफ्फरनगर जनपद वर्तमान में प्रदेश में 7वें स्थान पर है, जो मंडल में प्रथम स्थान है। साथ ही, अक्टूबर माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जो सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

# बालाजी जन्मोत्सव को लेकर एसएसपी ने सीमिति सदस्यों से किया संवाद

**मुजफ्फरनगर।** आगामी बालाजी जन्मोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में संयोजकों, डीजे संचालकों एवं समिति सदस्यों के साथ गोष्ठी का किया आयोजन, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आगामी बालाजी जन्मोत्सव शोभायात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शोभायात्रा के संयोजकों, डीजे संचालकों एवं समिति सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर श्री सत्यनारायण प्रजापत, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के0 मिश्रा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। गोष्ठी के दौरान एसएसपी द्वारा उपस्थित समस्त आयोजकों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके दृष्टिगत सभी संबंधित व्यक्ति पूर्ण अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। डीजे संचालकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही ध्वनि का उपयोग करने तथा प्रतिबंधित गीतों/आपत्तिजनक सामग्री का प्रसारण न करने के निर्देश दिए। साथ ही, शोभायात्रा के निर्धारित मार्ग, समय एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया तथा शोभायात्रा में शामिल सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी या लापरवाहीपूर्ण वाहन संचालन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। गोष्ठी में उपस्थित सभी समिति सदस्यों एवं आयोजकों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।जनपद पुलिस द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि बालाजी जन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखें।

# बीए सेमेस्टर की परीक्षा में चमके एसडी कॉमर्स के छात्र-छात्राएं

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बीए तृतीय सेमेस्टर सत्र 2025-26 का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के बीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा श्रीमति एकता मित्तल, डीन डा. नवनीत वर्मा द्वारा परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता- -पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया ।

तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में अविका ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, तरूषी ने 84.9 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा शांतनु ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया ।प्राचार्य डा0 सचिन गोयल ने इस



अवसर सभी सफल विद्यार्थीयों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थीयों की उल्लेखनीय सफलता के पीछे उनकी निरन्तर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है हम अपने सभी मेधावी विद्यार्थीयों पर गर्व महसूस करते है । जिन्होने न केवल अपने परिवार व संस्थान का नाम रोशन किया है, बल्कि समाज के लिये भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया हैइस अवसर पर विभागाध्यक्षा एकता मित्तल व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थीयों को शुभकामनाएं दी और कहा कि विद्यार्थीयों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढाया है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है और आशा करते है कि ये आगे भी इसी प्रकार सफलता के नये आयाम स्थपित करेगें। इस अवसर पर मानविकी संकाय से नीरज कुमार, डा. योगिता पुण्डीर, सपना चौहान, विरेन्द्र कुमार, डा0 प्रियंका त्यागी, डा0 नीतू पंवार, डाश्वेता सिंघल, गरिमा कंसल, प्रियंका जैन व साक्षी आदि मौजूद रहे।

# एसडी मैनेजमेंट में बौद्धिक संपदा अधिकार पर गोष्ठी

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के तत्वाधान में एसडीसीएमएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा ष्एक दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर वर्कशॉपष का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह वर्कशाप ष्काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उत्तर प्रदेश (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सौजन्य से प्रायोजित हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता तथा बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम प्राचार्य डाद्ग आलोक कुमार गुप्ता जी, डाद्ग सुनील कुमार यादव द्धप्रोफेसर, जेद्गपीद्ग बिजनेस स्कूल, जेआईआईटी, नोएडाऋ, डा0 संजय कुमार द्धप्रोफेसर और हेड टीबीआई-एनाआईईटी, ग्रेद्गनोएडाऋ, मिसद्ग स्वाति वार्ष्णेय, फाउंडर आई स्टॉप आई0पी0 सोल्यूशन, प्राचार्य डा. संदीप मित्तल, इनक्यूबेशन मैनेजर मुकुल जैन, बबली तोमर, रितू मित्तल, डा. विभूति अग्रवाल, पारूल कुमार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प समर्पित करके किया गया। प्राचार्य डा0 आलोक कुमार गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आलोक गुप्ता ने अपने विस्तृत संबोधन में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी नए उत्पाद सेवा या तकनीक को बाजार में लाने से पहले उसके प्च्त् संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होने छात्रों को एमटीआर, बी0टी0डब्लू, प्ज्ञम। जैसे सफल कम्पनियों के उदाहरण देते हुये नये-नये विचारों को सोचने की ओर प्रेरित किया । तकनीकी सत्र के दूसरे व तीसरे राउंड में मुख्य स्पीकर मिस स्वाति वार्ष्णेय (फाउंडर आई स्टॉप आईपी




सोल्युशन) ने डिजिटल युग में आईपीआर सुरक्षा की राहरू आवेदन से लेकर स्वीकृति तक तथा स्टार्ट-अप और आईपीआर की चुनौतियों व अवसरों पर चर्चा की। तकनीकी सत्र के चौथें राऊंड में डा. सुनील कुमार यादव (प्रोफेसर, जेपी बिजनेस स्कूल, जेआई आई टी, नोएडा) ने विद्यार्थियों को अधिकारों के व्यावसायीकरण और संबंधित मामले के अध्ययन की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंच का संच. ालन डा. विभूति अग्रवाल ने प्रभावशाली ढंग से किया। उन्होनें सभी विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया। उन्होनें कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों को क्रमबद्ध रूप से आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाई ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किराए की कार बनी मौत की सवारी, पांच घायल

## पोल से टकराई कार, तीन की हालत नाजुक

**□ नाबालिगों को थमाई जा रहीं फोर व्हीलर, कैराना में फल-फूल रहा अवैध रेंट कार का धंधा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में अवैध रूप से किराये पर कार देने का धंधा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। देर रात रेंट पर ली गई तेज रफ्तार कार हाईटेंशन विद्युत पोल से टकरा गई, जिससे कार में सवार पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात मोहल्ला रेतेवाला निवासी अरबाज, अरमान, रिहान और सादिक अपने साथी नईम पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला गुलशन नगर के साथ किराये की कार लेकर पानीपत की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार नेशनल हाईवे पर स्थित पंजीठ बिजलीघर के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में चालक संतुलन खो बैठा। तेज रफ्तार कार सीधे हाईटेंशन विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।गनीमत यह रही कि विद्युत पोल नहीँ टूटा, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद अरबाज (17) पुत्र लाखन, सादिक पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला रेतेवाला तथा नईम पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला गुलशन नगर की



हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर पैसों के लालच में नाबालिग युवकों के हाथों में किराये पर कार कौन थमा रहा है। कस्बे में बिना किसी जांच-पड़ताल



के घंटों के हिसाब से कार किराये पर देने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन इस पर लगाम लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। गौरतलब है कि करीब चार माह पहले भी किराये की कार लेकर निकले एक युवक की तेज रफ्तार के कारण कार पेड़ से टकराने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। उस हादसे के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक किराये की कारें युवाओं के लिए 'मौत की सवारी' बनती रहेंगी और पुलिस कब इस अवैध धंधे पर शि. कंजा कसेगी।

# सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लांक चौकी के निकट शनिवार को सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना तब हुई जब अज्ञात वाहन चालक ने ईको कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि कार असंतुलित होकर बराकर में क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार, जनपद बापगत क्षेत्र के गांव टीकरी निवासी सुशील पुत्र भोला अपने परिवार के साथ ईको कार में सवार होकर क्षेत्र के गांव सेहटा स्थित माता रानी के जागरण समारोह में शामिल हुए थे। रातभर जागरण में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह जब वे वापस घर लौट रहे थे, तब लांक चौकी के पास यह दुर्घटना हुई। हादसे में कार में सवार संगीता पत्नी बॉबी, सुमन पत्नी सुनील, कौशल देवी और चालक विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी पाकर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और



सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए शामली सीएचसी में भर्ती कराया।

उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायल सभी लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें लगातार चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक की पहचान और पकड़ के लिए पुलिस द्वारा तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी ने घटना के समय संदिग्ध वाहन देखा हो, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्राथमिक जांच के अनुसार, दुर्घटना में तेज गति और लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। स्थानीय लोग और परिवार वाले हादसे से चिंतित हैं और घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित की खोज में हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं का रोका जा सके।

# 8 अप्रैल को विनियमन समीक्षा बैठक करेगी भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति का मण्डलीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस क्रम में समिति 08 अप्रैल को जनपद शामली का दौरा करेगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अर्श्वनी त्यागी द्वारा की जाएगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत जनपद स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, विनियमों के अनुपालन तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# कुडाना सीएचसी में मनाया कन्या जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिलाओं एवं बालि. काओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद शामली में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में द्वितीय चरण के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुड़ाना में नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में स्थापित करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिक.



ारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 05 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुड़ाना के चिकित्सा अधीक्षक ड ॉ. सलीम अहमद द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में माद्द विधायक प्रसन्न चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवजात बालिकाओं का स्वागत बेबी किट, फलों की टोकरी, कम्बल, बेबी बिब आदि उपहार देकर किया गया, जिससे परिवारों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माद्द विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि ह्बेटी बचाओख्रबेटी पढ़ाओह अभियान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने नवजात बालिकाओं के परिवारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा नवजात बालिकाओं के नाम पर पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और बालिका सम्मान का एक प्रेरणादायक संदेश है। इस अवसर पर माताओं को पोषण, प्रसवोत्तर देखभाल, शिशु स्वास्थ्य, बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानक. ारी प्रदान की गई। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, निराश्रित पुनर्विवाह योजना एवं निराश्रित पुत्री विवाह योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को आवेदन करने में सहयोग भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही 1090, 181, 1098, 112, 108, 1076 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, आशा बहनों एवं स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में बालिकाओं के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

# बाइक की टक्कर से 7 वर्षीय बालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के बाईपास मार्ग पर एक अज्ञात बाइक सवार ने 7 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल बालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। शनिवार को मोहल्ला शैखजादगान निवासी अमजद का 7 वर्षीय पुत्र अहमद बाईपास मार्ग से पैदल अपनी मां के घर जा रहा था। परिजनों के अनुसार तभी पीछे से आए अज्ञात बाइक सवार ने मासूम बालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बालक सड़क पर गिरकर घायल हो गया।शोर-शराबा होने पर आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल बालक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मेडिकल परीक्षण कराने के बाद परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# देहरादून हाईवे पर बाइक चालक अवरोधक से टकराकर हुआ गंभीर घायल

**थानाभवन।** बीती रात 10:00 के करीब थाना बड़गांव जनपद सहारनपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी सरवर नामक युवक हरियाणा के पानीपत से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर गांव ख्यावडी के पास पहुंचा तो वहां सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी द्वारा आवागमन रोकने के लिए लगाए गए सीमेंटेड बैरिकेड्स डिवाइडरों से उसकी तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की आवाज और युवक की चीख-पुकार सुनकर कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अपने साथ अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर पर्याप्त संकेतक (साइन बोर्ड) और चेतावनी व्यवस्था नहीं होने के कारण इस तरह के हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# घर से चांदी के जेवर हुए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शादी की तैयारियों में जुटे परिवार की खुशियों पर उस समय पानी फिर गया, जब देर रात घर में घुसकर चोर अलमारी में रखे चांदी के जेवरात समेट ले गया। मामले में पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव पठेड़ निवासी इदरीस पुत्र रहीसुदीन ने थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसके भाई मुस्तिकम की शादी निकट होने के कारण घर में तैयारियां चल रही थीं और परिवार के सदस्य इसी में व्यस्त थे। आरोप है कि इसी बीच 25 मार्च की देर रात किसी ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। इदरीस के अनुसार जब वह रात में घर पहुंचा तो देखा कि अलमारी में रखे बर्तनों के बीच से चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी हुए सामान में चांदी की पायल, बिछवे, चुटकी द्धगुटेंॠ, गले का पेंडल और अंगूठी शामिल हैं। पीड़ित का आरोप है कि गांव का ही सादिक इस वारदात के पीछे है, जो आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताया जा रहा है। चोरी की घटना से परिवार को आर्थिक नुकसान के साथ ही शादी के माहौल में भी मायूसी छा गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# रंजिश में दो सगे भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने खेत पर काम कर रहे दो सगे भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरा. ेपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन नामजद सहित कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गांव डून्डूखेड़ा निवासी ओमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र मोनू और आद. ेश खेत पर कृषि कार्य करने गए हुए थे। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते आरा. ेपी जोशी, कैसर और मनजीत अपने कई अज्ञात साथियों के साथ खेत पर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

परिजनों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर तीन नामजद और कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही सभी आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गंगा संरक्षण को लेकर किया जागरूक

**□ गंगा स्वच्छता पखवाड़ा: जिला गंगा समिति शामली के निर्देशन में जलालाबाद में बच्चों ने दिया नदी संरक्षण का संदेश।**

**□ चित्रकला, वाद-विवाद, सफाई अभियान, नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रैली के माध्यम से किया जागरूक कृष्णा नदी पर किया श्रमदान।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति शामली की अगुवाई में नगर पंचायत जलालाबाद के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय नं. 2 जलालाबाद में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। पूरा आयोजन जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सोनू कुमार के प्रभावी निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को नदियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा उन्हें जैव-विविधता संरक्षण, जल को स्वच्छ रखने की आवश्यकता तथा भविष्य के लिए जल-संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी गई।बच्चों में जागरूकता बढ़ाने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लघु नाटक और नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और गंगा व अन्य नदियों को साफ रखने का संदेश दिया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही कुछ मेधावी बच्चों और सफाई नायकों को टी-शर्ट वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के बाद विद्यालय से लेकर



कृष्णा नदी तक एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों, शिक्षकों, सफाई कर्मियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। रैली के उपरांत कृष्णा नदी किनारे सफाई अभियान चलाया गया और सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वना. धिकारी ऊन रेंज कृष्णकांत चक्रवर्ती, पर्यावरण प्रेमी मुस्तकीम मल्लाह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जलालाबाद जयबीर शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य, सभासद, सफाई नायक व सफाई कर्मी, विजय कुमार, कुमार, मनीष, मुकेश, कमल, विनीत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन और दिशा-निर्देशन जिला गंगा समिति, जिला परियोजना अधिकारी एवं नमामि गंगे, शामली द्वारा किया गया।

# रालोद अध्यक्ष की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में आर्य जाट महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। सौंपे गए ज्ञापन में भारत सरकार एवं पश्चिम बंगाल सरकार से मांग की गई कि जयंत चौधरी को मिली कथित जान से मारने की धमकी को गंभीरता से लिया जाए। साथ ही उनकी सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से मजबूत किया जाए तथा धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में 22 मार्च को आयोजित बैठक में विस्तृत चर्चा की गई थी, जिसमें सभी सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी किसानों, मजदूरों और युवाओं के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और एक ईमानदार, स्पष्टवादी एवं निर्भीक नेता के रूप में जाने जाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका को रोका जा सके। ज्ञापन देने वालों में आर्य जाट महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूराम पंवार, राजकुमार चेयरमैन, रामपाल सिंह देशवाल एवं डॉ. ओमपाल सिंह सहित अन्य पदाधिक. ारी उपस्थित रहे।

# पालिका में सफाईकर्मियों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवददाता**

**शामली।** नगर में नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और कार्यबंदी शुरू कर दी है। यह कदम स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ की संयुक्त इकाई द्वारा उठाया गया है। कर्मचारियों ने एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपकर सोमवार तक का अल्टीमेटम भी दिया है।

शनिवार को नगर पालिका में धरना प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारी पूरे नगर की सफाई व्यवस्था ठप्प रखकर अपनी नाराजगी जताई। परिणामस्वरूप नगर के कई हिस्सों में कचरे के ढेर लग गए और नागरिकों



को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के कार्यपालक अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने कर्मचारियों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम न्यायिक विनय कुमार भदौरिया मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत कर सोमवार तक समय मांगा। इस दौरान कर्मचारियों ने विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने नगर के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 नए सफाई कर्मियों की भर्ती की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके अलावा पालिका कार्यालय में चपरासी, चौकीदार, माली, बेलदार और वाहन चालकों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई। कर्मचारियों ने पालिका के जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली और पाइपला. इन मशीन आदि की नियमित मरम्मत और सर्विस कराने की भी मांग रखी, ताकि सफाई कार्य बाधित न हो। साथ ही कर्मचारियों ने घर-घर कूड़ा कलेक्शन करने वाले कर्मियों का वेतन 423.87 रुपये प्रतिदिन करने, डीए का लाभ देने, 8 घंटे से अधिक कार्य पर ओवरटाइम भुगतान, समय पर अवकाश प्रदान करने और मौसम के अनुसार वर्दी उपलब्ध कराने की मांग की। आउटसोर्सिंग वाहन चाल. कों और कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि कर 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने की भी मांग की गई। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया और सफाई कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो सोमवार से पुनः हड़ताल की जाएगी, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो सकती है।

# शिवसेना ने ऊन तहसील में किया प्रदर्शन

## एसडीएम को सौंपा पीएम के नाम ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन तहसील में हिंदू नेताओं की हत्याओं और गोतस्करी के मुद्दों को लेकर शनिवार को शिवसेना ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन में शिवसेना ने देश भर में हिंदू नेताओं की बढ़ती हत्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। संगठन ने आरोप लगाया कि इन घटनाओं के कारण समाज के एक वर्ग में भय और



असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। साथ ही, विरोध प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा कथित सख्ती से आक्रोश बढ़ने की बात भी कही गई। गोकशी और गोतस्करी के मुद्दे पर शिवसेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में यह अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर जारी है।

संगठन ने आरोप लगाया कि तस्कर संगठित तरीके से इस धंधे को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन कई मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।शिवसेना ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी प्रमुख मांगें भी रखीं। इनमें गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गोहत्या को संगठित अपराध की श्रेणी में लाने, हिंदू नेताओं को सुरक्षा प्रदान करने, मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने और गोकशी व गोतस्करी पर रोक के लिए एक विशेष सशक्त टीम के गठन की मांग शामिल है। इस अवसर पर शिवसेना के जिलाध्यक्ष बालिस्टर छांचियान ने कहा कि ऐसी घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं हैं, बल्कि सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरा हैं। हिन्दुवादी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इस दौरान योगिन्द्र, विपिन, अमन, मुकेश,उत्तम, बंटी, सचिन, दीपक, मोहित, कपिल, आशीष आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस का एक दिवसीय शिविर हुआ संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के आरके पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की द्वितीय एवं तृतीय इकाइयों द्वारा शनिवार को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की थीम कौशल विकास रखी गई, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों एवं युवाओं में व्यवहा. रिक एवं जीवनोपयोगी कौशल विक. सित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एमके जैली, विशिष्ट अतिथि राजगुरु एवं डॉ. शशि शेखर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीतम सिंह तथा कुमारी गायत्री त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए व्यावसायिक एवं व्यवहारिक कौशलों का होना भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, डिजिटल साक्षरता, स्वरोजगार के अवसर तथा समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इन सत्रों के माध्यम से छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक गुणों को विकसित करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने समूह चर्चा एवं विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे उनकी सो. चने-समझने की क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को कौशल विकास के महत्व से अवगत कराते हुए इन गुणों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने भविष्य में ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

# पुलिस ने मुठभेड़ में लूट का वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर कोतवाली पुलिस ने लूट की घटनाओं में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट का सामान, नगदी, अवैध हथियार तथा बिना नंबर की बाइक बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता स्पष्ट हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 मार्च को नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लिसाढ़ के जंगल में बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। पहली घटना में अरविंद नामक व्यक्ति से मोबाइल फोन और नगदी लूटी गई थी, जबकि दूसरी घटना में एक महिला से कुंडल,



नाक की बाली और अंगूठी छीन ली गई थी।

इन घटनाओं के संबंध में कोतवाली शामली में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। शनिवार को चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम को सूचना मिली, जिसके आधार पर आईटीआई कॉलेज से लिसाढ़ जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी की गई। इस दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में रईस पुत्र इदरीश निवासी राजीव कॉलोनी, पानीपत घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी फारुख पुत्र सगीर उर्फ काला धोबी निवासी कलंदर चौक, पानीपत मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूटे गए दो कुंडल, 1350 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारत. ूस, दो जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर की बाइक बरामद की गई है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा लगातार कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके।

# स्वरोजगार प्रोत्साहन को लगा मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, कैराना रोड, कंडेला में एक वृहद स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त उद्योग श्रीमती रतिका गुप्ता ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण बेरोजगार युवा आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत मैन्युफैक्चरिंग (उद्योग) क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख तथा सर्विस सेक्टर में 10 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त परियोजना लागत पर अधि. कतम 25 प्रतिशत तक का अनुदान (सब्सिडी) भी सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।




मेले में मौजूद अधिकारियों द्वारा युवाओं को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, बैंकिंग प्रक्रिया तथा ऋण स्वीकृति से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में समझाई गईं। साथ ही इच्छुक अभ्यर्थियों से मौके पर ही आवेदन पत्र भी प्राप्त किए गए, जिससे युवाओं में योजना के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनें, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करें। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त उद्योग रविंद्र कुमार, डिप्टी एलडीएम मनमो. हन किशोर एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, माजरा रोड शामली के शाखा प्रबंधक रामफल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम मंदिर हसनपुर लुहारी मे हवन-यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** श्रीराम मंदिर में श्रीराम नवमी पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। विधि-विधान के साथ पंडितों द्वारा हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हवन के दौरान पूरा वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से ओत-प्रोत रहा। हवन-यज्ञ के उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता भाईचारा और धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर गांव के गणमान्य लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सीएचसी आवासीय कालोनी में तांत्रिक क्रियाओं की अफवाह पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आवासीय कॉलोनी में रहस्यमयी परिस्थितियों और कथित 'तांत्रिक प्रथाओं' को लेकर हंगामा मच गया है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ कमरों में देवताओं के चित्र लगाए गए हैं और दो बिल्ली भी रखी गई हैं, जिन्हें देखकर कई लोग डर और आशंका में हैं। वही पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच की। चिकित्सकों ने इस मामले की तुरंत चिकित्सकीय और आधिक. ारिक जांच कराई जाए ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या गलत प्रथा सामने आ सके।

स्थानीय लोगों ने अधिका. रियों से अपील की है कि डॉक्टर और विशेषज्ञ टीम भेजकर कमरों में रह रही वस्तुओं और परिस्थितियों की जांच करें। उनका कहना है कि इस तरह की तांत्रिक प्रक्रियाएं न केवल मान. सिक रूप से प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से भी चिंता का विषय हैं। चिकित्सकों द्वारा मामले की जांच करने की शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और कॉलोनी में पुलिसकर्मियों को भेजकर स्थिति का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही उचित जांच नहीं की गई, तो और लोग भी इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। स्थानीय लोग यह भी दावा कर रहे हैं कि कमरे में मौजूद चित्र और दो बिल्ली के कारण कई परिवार भयभीत हैं और उन्हें रात के समय अपने घरों में भी असुरक्षा का अनुभव हो रहा है।

## कॉपी के मूल्याकांन कार्य में आई तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की कक्षाओं 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई कॉपियों के मूल्यांकन को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा व्यापक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कुल 125834 कॉपियों का मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष जांच और निगरानी की। जांच के दौरान डीआईओएस ने मूल्यांकन प्रक्रिया के हर चरण को बारीकी से देखा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कॉपियों का मूल्यांकन उत्तर प्रदेश बोर्ड के निर्धारित पैमानों के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जा रहा हो।

निरीक्षण में मूल्यांकन में देरी, अंकन में गड़बड़ी या अनियमितताओं की संभावनाओं को कम करने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के कार्य और पद्धतियों की समीक्षा की गई। डीआईओएस ने निरीक्षण के दौरान कॉपियों के अंकन में सुसंगतता, उत्तर-पत्रों पर सही अंक का अंकन और मूल्यांकन रिपोर्ट की समय पर अपडेटिंग की स्थिति को भी देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को मूल्यांकन में सावधानी बरतने, प्रत्येक उत्तर-पत्र को ध्यानपूर्वक देख कर अंक देने और किसी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि परीक्षार्थियों को उनके वास्तविक प्रदर्शन के अनुसार अंक मिलें और किसी भी प्रकार की अनियमितता या त्रुटि परीक्षा परिणामों में न आए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है और सभी मूल्यांकनकर्मी निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने कार्य को पूर्ण करेंगे। इस निरीक्षण से परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों में क्विास बढ़ेगा कि उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षाओं में मूल्यांकन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो रहा है।

# एक करोड़ की स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान हऑपरेशन सवेराह के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 515 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सहारनपुर परिक्षेत्र में पुलिस उपमहा. निरीक्षक अभिषेक सिंह के नेतृत्व में हऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और



प्रतिबंधित दवाओं के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना है।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फारुख उर्फ गांधी पुत्र अख्तर और अमजद पुत्र नासिर, निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दोनों को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से भारी मात्रा में अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में मुकदमा संख्या 209/2026 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरो. पियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में संकेत मिले हैं कि आरोपी संगठित गिरोह के रूप में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे। पुलिस अब इनके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है, ताकि सप्लाई चेन से जुड़े अन्य तस्करों और सरगनाओं तक पहुंचा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के बाद जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र कुमार और कांस्टेबल अरुण कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## रामजीलाल कश्यप का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कश्यप समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष का गांव कुडाना रोड सिसौली अड्डा पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने शहीद अमित की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भारतीय कश्यप जन चेतना मंच के जिलाध्यक्ष पवन कश्यप ने समाज की ओर से तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने महर्षि कश्यप जयंती 5 अप्रैल पर पुन: अवकाश घोषित करने, जनपद के किसी एक चौक का नाम महर्षि कश्यप चौक रखने तथा ग्राम सेहटा का नाम बदलकर कश्यप नगर सेहटा किए जाने की मांग उठाई।

# रिजर्व पुलिस ने मनाई लौह पुरुष की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रिजर्व पुलिस लाइन द्वारा देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महान स्वतंत्रता सेनानी के जीवन, उनके आदर्शों एवं देश की एकता में उनके योगदान से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मी शिवानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के जीवन, उनके संघर्ष और अदम्य साहस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद



उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर भारत को एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अहम योगदान दिया। उनके इस अद्वितीय कार्य के कारण ही उन्हें हलौह पुरुषह की उपाधि दी गई। शिवानी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और देश की एकता, अखंडता तथा भाईचारे को बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से यह भी आहवान किया कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी को सरदार पटेल की 150वीं जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, गीता रानी, कविता रानी, सुरभि रानी, अनीता रानी, मोहित कुमार, विकास कुमार, कपिल कुमार, वंदना रानी, दिव्या रानी, साक्षी रानी और धर्मेंद्र कुमार सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और एकता के संकल्प के साथ किया गया।

# भजनों से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव गढ़ी हसनपुर में राम नवमी के पावन अवसर पर मां दुर्गा मंदिर में विशाल मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरी रात भक्ति का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तीर्थ सेवा न्यास के अध्यक्ष रामविशाल दास महाराज जी रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन चौधरी ने पंडित उमेश शर्मा से विधिवत पूजन-अर्चन कराकर ज्योत प्रज्वलित की और जागरण का शुभारंभ कराया। मां दुर्गा के भजनों और जागरण की मधुर प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को पूरी रात भाव-विभोर रखा। भक्तजन मां के जयकारों के साथ भक्ति रस में डूबे नजर आए। इस अवसर पर भावी उम्मीदवार जिला पंचायत वार्ड से रूबी चौधरी, निविस चौधरी तथा भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान ने मंदिर पहुंचकर मां के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति की ओर से रामविशाल दास महाराज जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष नाथी राम मित्तल, सचिव संजीव कुमार सहित सोमपाल सैनी, ऋषभ सिंघल, नितिन कुमार, आत्माराम कश्यप, सुशील पंवार, बिजेंद्र कश्यप और विपिन मित्तल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवा. सियों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुआ।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत

**झिंझाना।** ग्राम रजाकनगर में श्रीराम अंकित पटके पहनाकर स्वागत किया गया, जबकि जमालपुर में महर्षि कश्यप की प्रतिमा भेंट की गई। बीबीपुर जलालाबाद में पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया और शिवनगर में भी फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। इस दौरान नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का आ]वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुटता को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया। कार्यक्रमों में विनोद प्रधान, स्वराज प्रधान, सुरेश मास्टर, संदीप कुमार, रविन्द्र मलिक, श्रवण प्रधान, नाथीराम अवाना, जसबीर चौहान, जनक अवाना, कर्ण सिंह मुखिया, सोमपाल मास्टर व सुरेंद्र सैनी मौजूद रहे।

## 1 अप्रैल से स्कूलों के वाहनों का चेकिंग अभियान होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद शामली में विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभियान आगामी 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस एवं आवश्यक प्रपत्रों की गहन जांच की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) शामली रोहित राजपूत ने बताया कि यह अभियान परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में चलाया जा रहा है। साथ ही सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहारनपुर द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने जनपद के समस्त स्कूलों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को समय से पूर्ण एवं अद्यतन कराना सुनिश्चित करें। स्पष्ट किया गया है कि अभियान के दौरान जिन वाहनों के प्रपत्र अपूर्ण या मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधि. नियम 1988 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना एवं सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराना है।

# एसडीएस कॉन्वेंट में पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे स्थित एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षिक के समापन पर वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डॉ. रामजीलाल कश्यप भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर रामजीलाल कश्यप ने सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक श्रीपाल आर्य ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे निरंतर सफलता प्राप्त करें और एक आदर्श नागरिक बनकर अपने अभिभावकों व समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जीवन में




कभी निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रामजीलाल कश्यप, विद्यालय चेयरमैन लोकश तोमर, प्रबंधक श्रीपाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश भटनागर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान सुमित चौहान, रविन्द्र मलिक, आकाश तोमर, हिमांशी तोमर, रवि, प्रदीप शर्मा, अंकुर चौधरी, भुजवीर सिंह, अजय, पंकज गर्ग, सौरभ कुमार, दीपक कुमार, हरप्रीत कौर, अलका सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

## घरेलू हिंसा व जमीन विवाद के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे, जिन्होंने घरेलू हिंसा, मारपीट, जमीन विवाद व अन्य समस्याएं अधिका. रियों के समक्ष रखीं।गांव डून्डूखेड़ा निवासी विद्या पत्नी बिजेंद्र ने शिकायत करते हुए बताया कि बीती एक दिसंबर को उसके पति व ससुर ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़िता का आरोप है कि मेडिकल परीक्षण कराने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं




किया। इस पर पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए।सलेमपुर मार्ग निवासी खुशी ने आरोप लगाया कि उसके पति बिलाल द्वारा उसके साथ मारपीट की गई है। पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती है और उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने मामले में जांच करकार्रवाई के निर्देश दिए।इसके अलावा समाधान दिवस में कई फरियादियों ने जमीन संबंधी विवाद, कब्जा, रास्ते के झगड़े और पारिवारिक मामलों की शिकायतें भी दर्ज कराईं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।इस दौरान उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाईचारा रैली की रूपरेखा की हुई समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा दादरी में आयोजित होने वाली सामा. जिक समानता भाईचारा रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद शामली में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में भैंसवाल रोड स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिका. रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रैली की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेता सुधीर पंवार ने कहा कि सामाजिक समानता भाईचारा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में युवा अपने-अपने वाहनों से दादरी पहुंचेंगे और रैली को सफल बनाने में सक्रिय




भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पदा. धिकारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी जिला कार्यालय से सामूहिक रूप से रैली के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर युवा नेता अखिल बंसल की भी विशेष भागीदारी रहेगी, जो युवाओं को संगठित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति भी तैयार की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि कांधला क्षेत्र से जावेद जंग के नेतृत्व में, ऊन ब्लॉक से सत्यवान चौधरी एवं नीरज पहलवान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे।

वहीं जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सलेक चंद ने कहा कि रैली में दलित समाज की भी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सामाजिक समरसता का संद. ेश मजबूत होगा। बैठक में सलेक प्रधान, जावेद जंग, नीरज पहलवान, सत्यवान चौधरी, सचिन पंवार, खुशनूद, अरविंद झंझोट सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने रैली को ऐतिहा. सिक बनाने का संकल्प लिया।

# कोंथलपुर खोड़समा के पास चलती ट्रॉली पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव भड़ी की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गुरुद्वारा कोंथलपुर खोड़समा के पास अचानक हादसे का शिकार हो गई। ट्रॉली हरियाणा के असंध से पुराली की गांठ भरकर शामली शामला स्थित डिस्टलरी के लिए जा रही थी। इसी दौरान चलती ट्रॉली के टायरों का जोड़ा अचानक निकल गया, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई और चालक सहित सभी मजदूर सुरक्षित हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अचानक हुआ, जिससे कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रॉली में भरी पुराली की गांठें सड़क किनारे बिखर गईं। हालांकि ट्रॉली में सवार मजदूरों और चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए



तुरंत सड़क पर फैली गांठों को हटाकर रास्ता साफ कर दिया, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। इससे कुछ ही देर में यातायात सामान्य हो गया।

मजदूरों ने बताया कि ट्रॉली गांव भड़ी के लोगों की है और पुराली की गांठें असंध, हरियाणा से भरकर लाई गई थीं। इन्हें शामली शामला स्थित डिस्टलरी में पहुंचाया जाना था। हादसे के बाद पलटी हुई ट्रॉली में भरे माल को दूसरी ट्रॉली में भरकर गंतव्य तक भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मौके पर आसपास के लोगों ने भी मदद पहुंचाई और राहत कार्य में सहयोग किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुद्वारा कोंथलपुर खोड़समा के पास यह हादसा बड़ा रूप ले सकता था, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना के बाद राहगीरों वे आस पास के ग्रामीणों ने वाहन चालकों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायरों और अन्य तकनीकी हिस्सों की नियमित जांच कर चलने की सलाह दी।

# जहरीला पदार्थ सेवन से विवाहिता की बिगड़ी हालत, दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को जहरीला पदार्थ खिलाए जाने पर विवाहिता को गंभीर अवस्था में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। पीडिता की माँ ने पुलिस को तहरीर देकर पति समेत ससुरालियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

गांव पावटी थाना चरथावल निवासी खातून पत्नी नसीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि करीब आठ वर्ष पूर्व उसकी बेटी का विवाह गांव तल्हेड़ी बुजुर्ग में हुआ था। आरा. ेप है कि शादी के बाद से ही उसकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए परेशान किया जाता रहा है। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज के रूप में कार की मांग पूरी न होने पर शुक्रवार को उसकी पुत्री के खाने में जहरीला पदार्थ मिला दिया गया। जिसका सेवन करने से उसकी हालत बिगड़ गई। आरोप यह भी है कि बाद में गंभीर हालत में उसकी पुत्री को देवबंद स्थित एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कर ससुराली फरार हो गए। तहरीर में पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

**देवबन्द।** विद्युत लाइन की शिफ्टिंग के चलते रविवार को पांच घंटे तक आधे नगर की बत्ती गुल रहेगी। बताया गया है कि बरला मार्ग का चौड़ीकरण होने के कारण लाइनों के शिफ्ट करने का कार्य निगम द्वारा किया जाएगा। ऐसे में 29 मार्च को सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक 11केवी फीडर के तहत आने वाले क्षेत्र जैसे रेलवे रोड, एसडीएम कोर्ट और टाउन नंबर दो में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# दून वैली पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरूस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह में कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की मैनेजर सुमन सिंघल, प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, क्वालिटी हैड श्रीमती अर्चना शर्मा, उप-प्रधानाचार्यो श्रीमती तनुज कपिल व हरदीप सिंह द्वारा सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति से किया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य व गीतों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का मन मोह लिया। अद्वित, तनिष्का व सौम्या द्वारा




कविताओं के माध्यम से अध्यापकों का आभार प्रकट किया गया । पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में 2025-26 के वर्ष पर्यन्त शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए कक्षा 3 से प्रीशा, हारिका, अरकान, मौ हुसैन व अलमिश तथा कक्षा 4 से मौ० आहिल, एकांश व शिवन्या एवं कक्षा 05 के आश्वी चावला, अमन त्यागी व अक्षांश तथा लगातार 5 वर्ष की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए कक्षा 3 के मौ० असद खान कक्षा 7 से जियान उस्मानी, पिछले 4 वर्षों से कक्षा 6 से अंश सैनी व कक्षा 8 से सिद्धार्थ राणा तथा पिछले दो वर्षों से कक्षा 6 से उत्सवी गर्ग , केशव गुप्ता व कक्षा 8 से अथर्व गोयल को पुरस्कृत किया गया। कक्षा टॉपर की श्रेणी में कक्षा 3 से अर्चित व विवान अरोड़ा कक्षा 4 से स्तुति व आरूही गर्ग व कक्षा 5 से कृशा को पुरस्कार प्रदान किया गया । कक्षा टॉपर की श्रेणी में कक्षा 6 से कुशाग्र बब्बर, कक्षा 7 से अरहाम अदनान मलिक, कक्षा 8 से नव्या गुप्ता को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शानदार परीक्षाफल देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। परिक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरूस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।



एचएवी इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित समारोह में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के बाद प्रधानाचार्य हेम सिंह ने बताया कि कक्षा 9 के छात्र मुकुल कुमार सर्वोच्च अंक हासिल कर कॉलेज टॉपर किया है। जबकि कक्षा छह में कार्तिक, आयुष, सानवी, कक्षा सात में उर्वशी, वंशिका व आरूषी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में अंकुश कुमार, विक्रांत व दिव्या तथा कक्षा 9 में मुकुल कुमार, विश्वास कुमार व रितिका प्रथम स्थान पर रहे हैं। कक्षा 11 में सन्नी कुमार, अर्जुन कुमार व आकांक्षा ने सर्वोच्च स्थान पाया है। कार्यक्रम में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रमोद कुमार, विजेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, साकेत दीक्षित, सुमन त्यागी आदि शामिल रहे।

# गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए गौशाला में ठंडे पानी का लगवाया कूलर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सामाजिक संगठन महाराजा अग्रसैन महिला मंडल समिति द्वारा गौशाला में आने वालो के लिए गौशाला में ठंडे पानी का कूलर लगवाया गया।

सामाजिक संगठन महाराजा अग्रसैन महिला मंडल समिति की अध्यक्षा वर्षा अग्रवाल की देखरेख में गौशाला में वाटर कूलर लगवाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बेहद पुनीत कार्य है। उन्होंने सभी लोगों से समाज सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। गौशाला के पदाधिकारियों ने महिला मंडल द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की जमकर प्रशंसा की। इस दौरान योगिता गर्ग, मिनी मंगल,



अरुणा अग्रवाल, अर्पणा, स्वाति, सुमन, नंदिता, पूजा, प्रिया, चित्रा, अर्चना, पूनम आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# रासेयो इकाई कार्यक्रम में सामाजिक जागरूकता पर दिया जोर

**देवबन्द।** ठा. कृपाल सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज रणखंडी में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय कार्यक्रम हुआ। इसमें शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, बेरोजगारी एवं सामा. जिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर ह्यूमेनिटी वेलफेयर सोसाइटी के सचिव मोहम्मद शाहवेज ने कहा कि समाज सेवा के प्रति जागरूकता जरूरी है। युवा वर्ग ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। प्राचार्य अनिल कुमार व अधिकारी शीबा परवीन ने स्वयं सेवकों से अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

# शोभायात्रा में सहयोग देने वाले राम भक्त बालकों को किया पुरूस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति व संस्कार भारती द्वारा शोभायात्रा में विभिन्न पात्रों के रूप में अपना सहयोग देने वाले राम भक्त बालकों को पुरस्कृत किया गया।

स्थानीय कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में समिति संस्थापक लोक. ेश वत्स ने कहा कि बच्चों ने झांकियों पर जिस प्रकार से धैर्य पूर्वक लंबे समय तक एक ही मुद्रा में बैठकर प्रभु नाम का जाप किया वह भारतीय संस्कृति को दर्शाता है।

मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार मोनिका चौहान ने नन्हे मुन्ने कलाक. ारों को राष्ट्र के प्रति प्रेम भाव रखने, परिश्रम से पढने व अपने कर्तव्यों का पूरी लगन से पालन करने के लिए



प्रेरित किया। कौशिकी शर्मा, सीमा रानी, शालिनी गोयल, नीरज, दीपिका, ललतेश, वीणा राणा शामिल रहे।

# होटल के कर्मचारियों से मारपीट

**नूरपुर।** एक होटल में दबंगों ने होटल के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दहशत फैला दी। पेट पूजा होटल के मालिक नीतू सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि क्षेत्र के ग्राम मंडोरा निवासी सुमित गुर्जर अपने दो साथियों के साथ उनके होटल पर आया था। सुमित गुर्जर शराब के नशे में गाली-गलौच करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और झगड़ा करने लगा। इसी दौरान नीतू सिंह अपने कर्मचारियों के साथ होटल के अंदर बंद हो गए। आरोपी दबंग सुमित गुर्जर शराब के नेश में होटल मालिक को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**देवबन्द।** कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश के भोपाल में हुई नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल करने वाले देवबंद के खिलाडियों को सम्मानित किया गया। बसंत एकेडमी में हुए कार्यक्रम में विजेता नीशु प्रजापति व तनु प्रजापति का माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन हुआ। कोच बसंत उपाध्याय ने बताया कि यह उपलब्धि खिलाडियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का शानदार परिणाम है।

# एसडी इंजी. के छात्रों का मोरना शुगर मिल में औद्योगिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कालेज ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 62 छात्रों ने उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध मोरना शुगर मिल, मुजफ्फरनगर का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें उद्योगों में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। छात्रों ने मिल में गन्ने से चीनी निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से देखा, जिसमें गन्ने की पेराई, रस निष्कर्षण, सफाई, उबाल, क्रिस्टलीकरण और अंततः पैकेजिंग जैसी विभिन्न चरण शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने बॉयलर, टरबाइन, गियर सिस्टम और अन्य यांत्रिक उपकरणों का निरीक्षण किया। इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्रों ने नियंत्रण प्रणाली, ऑटोमेशन, प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर और सेंसर टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। मिल के तकनीकी विशेषज्ञ मुख्य अभियन्ता शशिकान्त यादव व सहायक अभियन्ता मेहरबान अली ने छात्रों को व्याख्यान के माध्यम से औद्योगिक सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता और मशीनों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा, क्योंकि इससे उन्हें अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। मिल में छात्रों का मुख्य आकर्षण विद्युत उत्पादन ईकाई रहा। जिसमें गन्ने की खोई से स्टीम टरबाईन द्वारा विद्युत का उत्पादन किया जाता है। इस भ्रमण ने छात्रों में उद्योग के प्रति रुचि, जागरूकता और भविष्य के करियर के लिए प्रेरणा उत्पन्न की। संकाय सदस्यों की देखरेख में संपन्न यह यात्रा सफल और ज्ञानवर्धक रही। सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण केवल एक यात्रा नहीं होती, यह एक ऐसा अनुभव है जो विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी प्रदान करता है।

इस भ्रमण का उद्देश्य है कि हमारे छात्र-छात्राएं उद्योगों की कार्यप्रणाली को निकट से समझें, उत्पादन प्रक्रियाओं, प्रबंधन कौशल, और आधुनिक तकनीकों का अवलो. कन करें। यह अनुभव न केवल उनके ज्ञान को समृद्ध करता है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करता है।



इस प्रकार की विजिट से बच्चों में काम को लेकर आत्मविश्वास बढ़ता है। निदेशक डा0 सिद्धार्थ शर्मा ने उद्योग प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया और कहा कि छात्र औद्योगिक दौरे के माध्यम से किसी संगठन के आंतरिक कामकाज को समझते हैं। किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय करियर बनाने के लिए सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्होने कहा कि औद्योगिक दौरा, जिसे औद्योगिक यात्रा या औद्योगिक भ्रमण के रूप में भी जाना जाता है, यह एक शैक्षिक यात्रा है जो छात्रों को औद्योगिक प्रतिष्ठानों या कंपनियों का दौरा करने की अनुमति देती है ताकि वे विभिन्न उद्योगों का व्यावहारिक ज्ञान और प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें।

# बस स्टैंड निर्माण को मिली मंजूरी

## बोर्ड की बैठक में 27 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये के प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू में नव मनोनीत तीन सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत सभागार का नाम डा. भीमराव अंबेडकर सभागार रखे जाने की घोषणा की गई। जिससे सामाजिक समानता एवं प्रेरणा का संदेश दिया गया।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत नगर पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ सहित समस्त सभासद मौजूद रहे। बैठक में नगर के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को ध्यान में रखते हुए 27 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपए की लागत के विभिन्न विकास प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इन प्रस्तावों को नगर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बैठक के दौरान सभासदों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। जिन पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान के लिए ठोस निर्णय लिए गए। स्वच्छता, जल निकासी एवं आधारभूत सुविधाओं




को प्राथमिकता देते हुए व्यापक योजनाएं तैयार की गई। प्रमुख प्रस्तावों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराना, सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण तथा पथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाना शामिल है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए सोलर लाइट एवं सोलर पार्क स्थापना के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। नगर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को प्रभावी बनाने, तालाबों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने तथा ट्रीटमेंट प्लांट (बायो रिमूवेशन) स्थापित करने का निर्णय लिया गया। नगर सीमा विस्तार (परिसीमन) का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया, जिससे भविष्य में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा प्राप्त होगी।

शिक्षा एवं खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर में निर्मित हो रही डिजिटल लाइब्रेरी लगभग पूर्ण हो चुकी है, जो युवाओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। वहीं स्टेडियम से हाईटेंशन लाइन हटाने का प्रस्ताव पारित कर खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। विशेष रूप से लंबे समय से बंद पड़े एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर को पुनः संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस केंद्र के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक पृथक्करण किया जाएगा, जिससे प्लास्टिक, कागज एवं धातु जैसे पुनर्चक्रण योग्य पदार्थो को अलग कर विक्रय किया जा सकेगा। इससे नगर पंचायत की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए छह नए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस पहल से नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को गति मिलेगी तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण का लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में रोडवेज बस स्टैंड निर्माण का महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। जिस पर सभी सभासदों ने एकजुट होकर समर्थन प्रदान किया। यह प्रस्ताव नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन को सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस मौके पर नगर पंचायत के ईओ विजेंद्र सिंह पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, नव मनोनीत सभासद, समस्त सभासद, वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, लिपिक अनिल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर पंचायत झालू अब योजनाबद्ध विकास एवं प्रभावी निर्णयों के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत द्वारा लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में नगर की आधारभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों में और अधिक तेजी आएगी।

# मंदिर में महिला की सोने की चेन चोरी

**नगीना।** एक महिला की सोने की चेन मंदिर परिसर से चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को सौंपी गई तहरीर में राजकुंवर पुत्र कालू सिंह ने बताया कि वह 19 मार्च की सुबह करीब 9 बजे अपनी पत्नी सविता देवी के साथ रामलीला मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गए थे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने भीड़ का फायदा उठाकर उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन पार कर दी।

पीड़ित के अनुसार, प्रसाद चढ़ाने के बाद जब उन्होंने देखा, तो गले से चेन गायब थी। हालांकि, तलाश करने पर सोने का लॉकेट पत्नी के कपड़ों में ही फंसा मिल गया, लेकिन चेन का कहीं पता नहीं चला। मंदिर परिसर और घर पर काफी खोजबीन करने के बाद जब चेन नहीं मिली, तो पीड़ित ने चोरी की आशंका जताते हुए पुलिस की शरण ली।

थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके।

# माता की चौकी का आयोजन

**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में रामनवमी तथा माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के स्वामित्व महंत डा. अमित गिरी तथा महंत आदित्य गिरी ने मुख्य यजमान सुधीर अग्रवाल उर्फ मुन्ना बाबू के द्वारा प्रभु राम को सुंदर वस्त्र आभूषण व फूल मालाओं से सुशोभित कराया गया। पूजन कराकर भगवान को तिलक कराया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे से मंदिर में मां शेरावाली की चौकी का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत डा. अमित गिरी महाराज ने मुख्य यजमान हिमांशु शर्मा व रूपांशी शर्मा के द्वारा गौरी, गणेश, कलश, नवग्रह पूजन कराकर माता की जोत प्रज्वलित कराई गई। समता जोशी चलो बुलावा आया है, संगीता जोशी 'हारा हूं बाबा', पूर्वी जोशी ने 'साथी हमारा कौन बनेगा' रुक्मेश ने 'शेर पे सवार होके आजा शेरावाली', कंचन सुधा ने माता के भजन सुना कर मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। बाद में मंहत आदित्य गिरी व डा. अमित गिरी महाराज जी ने हिमांशु वह पूरे परिवार सहित मां शेरावाली की आरती कराई। बाद में हिमांशु व उनकी पत्नी रूपांशी ने कन्या पूजन मंदिर परिसर में किया। इस मौके पर मंदिर की पुजारन पूनम गिरी, स्नेहा गिरी, आशा देवी, संध्या चौधरी, मिस्टी, निक्कू, विमलेश, संगीता शर्मा, प्रभा, कोमल सैनी आकाश शर्मा तथा अनेक श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

# आलिया फातिमा ने किया नाम रोशन

**स्योहारा।** शिक्षा के क्षेत्र में मैरी एंड जीसस कांवेंट स्कूल की छात्रा आलिया फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कक्षा 8 की छात्रा आलिया फातिमा ने न केवल अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। आलिया की उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने पूरे शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर अटेंडेंस अवार्ड भी अपने नाम किया। विशेष रूप से उन्हें लगातार 10 वर्षों तक बिना एक भी दिन अनुपस्थित रहे। विद्यालय आने के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने आलिया की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है वहीं अभिभावकों में भी खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। आलिया फातिमा की सफलता यह संदेश देती है कि मेहनत अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी में हुमरा परवीन, एलजी की अनुषा, कक्षा यूकेजी की शिविका, कक्षा फर्स्ट की खुफिया, कक्षा 2 इफरा, कक्षा तीन में मुस्कान, कक्षा चार में इलमा, कक्षा पांच में जोया, कक्षा छह में आयशा, कक्षा सात अलीशा, कक्षा आठ में कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा तीन की मुस्कान एवं कक्षा 8 की कृष्णा ने शतप्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सफल बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सभी शिक्षक मंतशा, रुबीना, फोजिया, कृति, पूनम, अलीशा, नकुल कुमार, साहिब, नाबिला, संध्या, अलीशा सुमबुल, आयशा, सचिन आदि का सहयोग रहा।



# विश्व भारती स्कूल में साक्षरता शिविर

**धामपुर।** क्षत्रिय नगर स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में 'बच्चों के लिए बाल-मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न कानूनी सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान प्राविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों, दिव्यांगों सहित जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चा चाहे पीड़ित हो या आरोपी, दोनों ही परिस्थितियों में उसे सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि सहायता के तहत मुफ्त वकील, बाल कल्याण समिति (CWC), किशोर न्याय बोर्ड (JJB) तथा विशेष शेल्टर होम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जो बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए कार्य करती हैं।

शिविर में यह भी बताया गया कि सहायता प्राप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1098 व 15100 पर कॉल कर या ई-मेल के माध्यम से भी संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर पीएलवी राजीव कुमार, संजीव कुमार, अक्षय भाटिया, शाहिदा, अलीबाग, पूनम, कृति गुप्ता, नकुल चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मुंबई इंडियंस का लक्ष्य: मनहूस योग को पीछे छोड़ना

### रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपनी खोई हुई साख वापस पाने की कोशिश करेगा मुंबई

**मुंबई, वार्ता।** जब भी आईपीएल शुरू होता है, मुंबई पर एक अजीब तरह का सस्पेंस छा जाता है। यह सस्पेंस खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर किसी अनिश्चितता से पैदा नहीं होता, बल्कि एक पुरानी आदत की वजह से होता है।

मुंबई इंडियंस, एक ऐसी टीम जिसे ट्रॉफियां जीतने और पूरे सीजन पर अपना दबदबा बनाए रखने की आदत है, हर साल सीजन की शुरुआत में अपने ही इतिहास के एक दबे हुए बोझ के साथ मैदान पर उतरती है – यह बोझ है शुरुआती मैच जीतने में उनकी लगातार नाकामी का। अब यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रह गया है, बल्कि एक अंधविश्वास बन गया है जो पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। रविवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में, उन रोश. नियों के नीचे जिन्होंने कई रोमांचक मैच देखे हैं, मुंबई इंडियंस एक बार फिर इस कमी को दूर करने की कोशिश करेगी। उनके विरोधी, कोलकाता नाइट राइडर्स, शायद ऐसी कहानियों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। वे इस मैच को मुंबई के लिए अपनी खोई हुई साख वापस पाने का कोई अनुष्ठान नहीं मानेंगे, बल्कि इसे एक मौके के तौर पर देखेंगे – एक सीधा, साफ और बिना किसी भावुकता वाला मौका – टूर्नामेंट की शुरुआत में ही बढ़त बनाने और एक मजबूत टीम को उसके अपने ही घरेलू मैदान पर बैकफुट पर धकेलने का मौका। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम के पास उम्मीदें भी हैं और अनुभव भी। उनकी बैटिग लाइन. अप में एक जानी-पहचानी मजबूती है( यह एक ऐसी लाइन. अप है जो एक छोटे से स्कोर को भी एक बड़े और मजबूत स्कोर में बदल सकती है, या फिर किसी भी बड़े लक्ष्य का पीछा इतनी आसानी से कर सकती है, जैसे कि यह कोई पहले से की गई रिहर्सल हो। टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा की मौजूदगी टीम को एक शांत और मजबूत आधार देती है, वहीं सूर्यकुमार यादव अपनी अनोखी और अलग तरह की बैटिग शैली के साथ टी20 क्रिकेट के आधुनिक चेहरे को दिखाते हैं – निडर, नए-नए प्रयोग करने वाले, और अक्सर गेंदबाजों को हैरान कर देने वाले। पंड्या खुद इस टीम की दोहरी भूमिका को बखूबी निभाते हैं: एक आक्रामक बल्लेबाज और एक चतुर कप्तान, जिनसे ऐसे अहम मौकों पर टीम के लिए योगदान देने की उम्मीद की जाती है, जब हिम्मत और सूझबूझ, दोनों की जरूरत होती है। उनके आस-पास तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी और मैच को फर्निश करने वाले अन्य विकल्प टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह पक्का हो जाता है कि मुंबई का मिडिल या लोअर ऑर्डर शायद ही कभी कमजोर पड़ता है। उनकी गें. दबाजी में भी एक ऐसी मजबूती है, जिसकी हर कोई इज्जत करता है। जसप्रीत बुमराह, अपनी अचूक गेंदबाजी और दबाव में भी बेहत. रीन प्रदर्शन करने की काबिलियत के साथ, एक ऐसे गेंदबाज हैं जो सिर्फ एक ही ओवर में पूरे मैच का रुख बदल सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट की स्विग और दीपक चाहर की कसी हुई गेंदबाजी का साथ मिलने से, मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण सिर्फ कामचलाऊ नहीं, बल्कि बेहद धारदार और असरदार बन जाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कम निश्चितताओं और ज्यादा सवालों के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। अजिक्य रहाणे की कप्तानी में-जो अपनी शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, न कि दिखावे के लिए-टीम में खिलाड़ियों और सोच, दोनों में बदलाव आए हैं। उनकी बैटिग लाइनअप में आक्रामकता और स्थिरता का बेहतरीन मेल है( इसमें ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो विस्फोटक पारियां भी खेल सकते हैं और संभलकर पारी को आगे भी बढ़ा सकते हैं। फिन एलन, सुनील नारायण और रिकू सिंह इसी विस्फोटक मिश्रण का प्रतिनिधित्व करते हैं-वे शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन उतना ही उनकी टाइमिग और पिच के हालात पर भी निर्भर करता है। कोलकाता के लिए चुनौती सिर्फ उनकी बैटिंग में ही नहीं, बल्कि उनकी बॉलिग में भी है। उन्हें ऐसी पिच पर खेलना होगा जो पारंपरिक रूप से स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है।

## 2026 टूर पर मेरा आखिरी सीजन होगा: गोफिन

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेल्जियम के डेविड गोफिन ने घोषणा की है कि 2026 एटीपी टूर पर प्रतिस्पर्धा करने का उनका आखिरी सीजन होगा। 35 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट में इस फैसले की पुष्टि की। गोफिन , जो एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 7 खिलाड़ी रह चुके हैं, छह बार के टूर-स्तरीय चैंपियन हैं और उनका मैच रिकॉर्ड 357-275 है। गोफिन ने वीडियो में कहा, ष्कुछ फैसले लंबे समय तक आपके साथ रहते हैं।

मैंने इस खेल के लिए अपना सब कुछ दे दिया है, और टेनिस ने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया है जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मैच, मुकाबले, जीत, हार। भावनाएं। वे लोग जो इन सबमें मेरे साथ थे। और इसीलिए यह मेरी



जदिगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक रहा है। इस बेल्जियम खिलाड़ी ने अब तक शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 21 जीत हासिल की हैं, जिनमें रोजर फेडरर के खिलाफ एक जीत, राफेल नडाल के खिलाफ दो जीत और नोवाक जोकोविच के खिलाफ एक जीत शामिल है। हाल ही में, गोफिन ने मियामी ओपन में कार्लोस अल्काराज को हराया था।

### खेल विशेष

#### इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी मेसी के नाम पर स्टैंड का नाम रखा

**फ्लोरिडा, वार्ता।** अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के मौजूदा क्लब इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखा है। 38 वर्षीय मेसी, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ यूरोप में ट्रॉफियों से भरे करियर के बाद 2023 में इस एमएलएस क्लब के साथ करार किया था। वह इस फ्लोरिडा क्लब के लिए 82 गोल के साथ रिकॉर्ड गोल करने वाले और 53 असिस्ट के साथ रिकॉर्ड असिस्ट देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। क्लब ने अपने 26,700 दर्शकों की क्षमता वाले नए स्टेडियम में एक सक्रिय खिलाड़ी को इस तरह सम्मानित करने का एक अनोखा कदम उठाया है। इंटर मियामी ने कहा: ष्परंपरागत रूप से, सम्मान अतीत की ओर देखते हैं। वे पुरानी यादों से बनते हैं। स्मृतियों से।

#### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 'लक्ष्य 3.0' स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल समापन

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'लक्ष्य 3-0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में 3 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी, आर्म रेसलिंग और महिला बॉक्स क्रिकेट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन डा. देवेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन एवं समापन समारोह में कुलपति प्रो- (डा.) उमा भारद्वाज और रजिस्ट्रार डा. मुकेश पराशर की गरिमामई उपस्थिति रही।

## स्टेफनी टेलर की सेंचुरी के बावजूद विंडीज हारा, ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बनाई

**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सेंट किट्स में पहले मैच में वेस्ट इंडीज पर 103 रनों की आसान जीत के साथ, सोफी मोलिन्यू के वनडे कप्तान के तौर पर कार्यकाल की शुरुआत की। मेहमान टीम ने 341 रन बनाए और फिर वेस्ट इंडीज को 238/8 पर रोक दिया,

जबकि स्टेफनी टेलर ने 105 रन बनाकर नाबाद रहीं। बैटिग करने का फैसला करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 75 रनों की ओप. निंग पार्टनरशिप के साथ मजबूत शुरुआत की। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फीबी लिचफील्ड ने 72 गेंदों में 77 रन बनाकर पारी को संभाला, इस दौरान वेस्ट इंडीज ने उन्हें दो बार कैच छोड़ने का मौका दिया। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर लय बनाए रखी, लेकिन कुछ विकेट गिरने के बाद रन बनाने की गति थोड़ी धीमी हो गई। नंबर 4 पर बैटिग करते हुए मोलिन्यू, डेब्यू करने वाली ताहलिया विल्सन द्वारा स्टंपिग के दो मौकों से बच गईं और निकोला कैरी के साथ 91 रनों की पार्टनरशिप में 47 रन बनाए, निक. ोला कैरी ने खुद 49 रन बनाए। इस पार्टनरशिप के अलावा, जॉर्जिया वेयरहम (42) के आखिर में दिए गए योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को 300 के पार पहुंचाया और उन्हें एक मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। अफी फ्लेचर ने तीन विकेट लिए, लेकिन अपने 10 ओवरों में 83 रन खर्च किए। वेस्ट इंडीज को एक बड़े लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन उन्होंने कप्तान हेली मैथ्यूज सहित शुरुआती विकेट जल्दी खो दिए और जल्द ही मैच में पीछे रह गए। स्टेफनी टेलर ने एक नाबाद सेंचुरी के साथ पारी को संभाले रखा-यह 2021 के बाद उनकी पहली वनडे सेंचुरी थी-लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास मदद नहीं मिली। चिनले हेनरी के 38 रन वेस्ट इंडीज की ओर से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। किम गार्थ सबसे बेहतरीन गें. दबाज रहीं और उन्होंने दोनों ओपनर्स को आउट किया, उन्होंने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। 16वें ओवर में एश्ले गार्डनर ने डियांड्रा डॉटिन को रन आउट कर दिया, और भले ही चिनले हेनरी और टेलर ने चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़े, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पूरे मैच के दौरान हावी रहा। गार्डनर ने भी 2 विकेट लेकर टीम में योगदान दिया।

## धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दिग्गज बल्लेबाज एम.एस. धोनी, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच खिताब दिलाए हैं, पिडली में खिचाव के कारण टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगे।

एक संक्षिप्त, एक-लाइन के बयान में, सीएसके ने कहा कि धोनी पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज और सुधार) करवा रहे हैं और मौजूदा सीजन के पहले दो हफ्तों में उन्हें मैदान पर खेलते हुए नहीं देखा जाएगा। बयान में कहा गया कि एम.एस. धोनी इस समय पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन करवा रहे हैं। इसके चलते, उनके टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते न खेल पाने की संभावना है। जल्दी ठीक हो जाइए, थाला! इस करिश्माई क्रिकेटर ने सीएसके को 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जिताए हैं, यह एक ऐसा



रिकॉर्ड है जिसे वह मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझा करते हैं। दरअसल, धोनी और रोहित ने अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी उन सभी अभियानों में की है जिनमें उनकी टीमों ने खिताब जीते, और वे आरसीबी के विराट कोहली और मनीष पांडे के साथ उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने आईपीएल के सभी 18 सीजन में हिस्सा लिया है। सीएसके, जो पिछले दो सीजन (2024 और 2025) में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी (इन दोनों सीजन में सीएसके ने सिर्फ चार मैच जीते थे, इस साल अपनी जीत के फॉर्मूले पर वापस लौटकर अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद कर रही होगी। हालांकि, धोनी की चोट को लेकर अचानक पैदा हुई चिंताओं ने कुछ घबराहट पैदा कर दी है। मैदान पर उनके विशाल अनुभव और मार्गदर्शन की कमी सीएसके को बुरी तरह खलेगी, क्योंकि सीएसके अपने 2026 आईपीएल अभियान की शुरुआत गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद, मैच वापस अपने घरेलू मैदान पर होंगे, जहां सीएसके 3 अप्रैल को यहां के ऐतिहासिक एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## एमआई के अभ्यास सत्र से नदारद रहे बुमराह, सैंटनर और जैक्स

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 मार्च को होने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले से दो दिन पहले आयोजित अनिवार्य ट्रेनिंग सत्र से जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर और विल जैक्स नदारद रहे।

बुधवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि बुमराह स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग पर काम करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं। बुमराह के पहला मैच खेलने की उम्मीद है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह दल से कब जुड़ेंगे। 8 मार्च को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का फाइनल हारने के बाद सैंटनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर पर तीन टी20 में न्यूजीलैंड की कप्तानी की थी और अंतिम दो मुकाबलों के लिए उन्हें ब्रेक दिया गया था। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने वाले इंग्लैंड के दल में जैक्स मौजूद थे और इसके बाद वह दल के साथ चार्टर विमान में इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए थे। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है



कि सैंटनर और जैक्स भारत पहुंचे हैं या नहीं। रविवार के मुकाबले से पहले एमआई और केकेआर दोनों ने वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास किया। एमआई से रोहित शर्मा ने सबसे पहले नेट्स पर स्ट्राइक लिया, एक घंटे से ज्यादा की बल्लेबाजी में उन्होंने तेज गेंदबा. जी का विशेष तौर पर सामना किया। शार्दुल ठाकुर और हार्दिक पंड्या ने उन्हें जमकर गें. दबाजी की, जिसमें काफी शॉर्ट पिच गेंदें शामिल थीं। हार्दिक ने लगभग एक घंटे की गें. दबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी हाथ आजमाए। एमआई के लिए बड़ा सवाल सलामी जोड़ी को लेकर है कि रोहित के साथ रायन रिकल्टन और क्विटन डी कॉक में से कौन पारी की शुरुआत करेगा। दोनों दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज अभ्यास सत्र में मौजूद थे।

रिकल्टन ने रोहित के साथ बल्लेबाजी करने के अलावा विकेटकीपिग का भी अभ्यास किया जबकि डी कॉक ने फील्डिग का अभ्यास किया। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने भी बल्लेबाजी की और उन्होंने पावर हिटिग का अभ्यास किया। दानिश मालेवर भी अभ्यास सत्र में मोजूद थे जिन्हें एक शानदार घरेलू सीजन के बाद आईपीएल 2026 की नीलामी में एमआई ने खरीदा। ट्रेनिंग के अंतिम चरण में गेंदबाजी कोच लसित मलिगा की निंगरानी में एमआई के तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, अश्विनी कुमार और मोहम्मद इजहार ने गेंदबाजी की।

## आईपीएल 2026 में झारखंड के सात युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**रांची, वार्ता।** झारखंड के लिए आईपीएल 2026 खास मायने रखता है, क्योंकि राज्य के 6 युवा खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए मैदान पर उतरेंगे। क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का आगाज आज से हो रहा है और इसके साथ ही पूरे देश में क्रिकेट का खुमार चरम पर पहुंचने वाला है।

यदि महेंद्र सिंह धोनी को भी इसमें जोड़ लिया जाए, तो यह संख्या उनके प्रसिद्ध जर्सी नंबर की तरह 7 हो जाती है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इस प्रदर्शन का असर आईपीएल चयन में भी दिखा है, जहां कई खिलाड़ियों को मौका मिला है। इस सीजन में सभी की नजरें इन खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी, जो अपने प्रदर्शन से झारखंड का नाम रोशन करने उतरेंगे। सबसे ज्यादा चर्चा कप्तान ईशान किशन की है, जो इस बार सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभालेंगे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम को खिताब दिलाने के बाद उनका आत्मविश्वास चरम पर है और वे शानदार फॉर्म में हैं। वहीं, युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 166 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए डेथ ओवरों में टीम को मजबूती दी। ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई है। टूर्नामेंट में 303 रन और 18 विकेट लेकर वे मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे, जिससे उनकी उपयोगिता और बढ़ गई है। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 422 रन 161 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस बार वे गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे, जहां उनका यह दूसरा सीजन होगा। तेज गेंदबाज सुशांत, जो अपनी तेज रफ्तार और बाउंसर के लिए जाने जाते हैं, को इस बार राजस्थान रॉयल्स ने टीम में शामिल किया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 22 विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की है। वहीं, रांची के उभरते हुए स्पिनर अमित कुमार के लिए यह पहला आईपीएल सीजन होगा। अंडर-23 और एज ग्रुप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीनियर टीम में मौका मिला है और अब वे बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 झारखंड के इन खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर है। अगर ए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ने में सफल रहते हैं।

## भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने आईपीएल टिकट लेने से मना किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** राजनीतिक परंपरा से हटकर एक अनोखे कदम में, भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार को कर्नाटक की राजनीति में गहरे जमे ष्वीआईपी कल्चरष पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विधायकों को दिए जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट लेने से मना कर दिया, और इस बात पर हैरानी भी जताई कि विधानसभा स्पीकर ने भी सदन की कार्यवाही के दौरान ऐसी ही मांगें दोहराईं।

अपने इस फैसले को विशेषाधिकार के खिलाफ एक स्टैंड बताते हुए, सुरेश कुमार ने कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि ऐसा कल्चर सभी पार्टियों में फैला हुआ है, यहां तक कि एक ष्खुद को समाजवादी कहने वाले मुख्यमंत्रीष के नेतृत्व



वाली सरकार में भी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए, उन्होंने उस सरकार की कथनी और करनी में अंतर पर सवाल उठाया, जो समा. जवादी मूल्यों की बात तो करती है, लेकिन ऐसी प्रथाओं को चलने देती है। उन्होंने एक कड़े बयान में कहा कि यह वीआईपी कल्चर और विशेषाधिकार की राजनीति सभी पार्टियों में फल-फूल रही है। इसी वजह से, एक वर्ग के तौर पर राजनेताओं की छवि, विश्वसनीयता और इज्जत लोगों की नजरों में बहुत नीचे गिर गई है। हाल ही में हुई विधानसभा की कार्यवाही को याद करते हुए, राजाजीनगर के विधायक ने कहा कि ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी जैसे शासन से जुड़े मुद्दों पर होने वाली चर्चा अचानक आईपीएल मैचों और ज्यादा टिकटों की मांग की ओर मुड़ गई, खासकर उन मैचों के लिए जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं विधायकों के लिए टिकट मांगने के विचार का विरोध करना चाहता था, लेकिन जब मैंने स्पीकर को भी वैसी ही बातें कहते सुना तो मैं हैरान रह गया, और इसलिए मैंने खुद को रोक लिया। उन्होंने इसे राजनीतिक विशेषाधिकार को संस्थागत रूप से स्वीकार किए जाने का एक गहरा संकेत बताया। सुरेश कुमार ने राजनीतिक आचरण में इस षविसंगतिष की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री ऐसे ष्वीआईपी कल्चरष का विरोध करेंगे, लेकिन उन्हें पिछले साल विधान सौध के सामने अपने परिवार के साथ आईपीएल की जीत का जश्न मनाने में मुख्यमंत्री की भागीदारी की याद आ गई। उन्होंने विधायकों में 'संवेदनहीनता' पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकारों की मांग ऐसे समय में की जा रही है, जब बेकसूर लोगों की जान जाने वाली एक पिछली त्रासदी की यादें अभी भी ताजा हैं।

### सिनर फाइनल में सनशाइन डबल से एक जीत दूर

**फ्लोरिडा, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ लगातार अपना सातवां मैच जीतकर चौथी बार मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इटली के सिनर ने 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल की और रविवार को उनका मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। सिनर तीन साल में अपना दूसरा मियामी खिताब जीतने का लक्ष्य बना रहे हैं। साथ ही, इस महीने इंडियन वेल्स में जीत के बाद, वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की भी कोशिश कर रहे हैं। चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और मौजूदा विबलडन चैंपियन सिनर ने दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी जर्मनी के दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया था। सिनर ने कहा कि यह एक शानदार दौर रहा है।

## बंगलादेश आईपीएल के प्रसारण पर लगे बैन पर फिर से विचार करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण पर लगा बैन, आवेदन मिलने पर हटाया जा सकता है। जर्मन ब्रॉडकास्टर डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा कि अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो उस आवेदन पर विचार किया जाएगा। स्वपन ने ब्रॉडकास्टर से कहा कि किसी ने भी हमसे आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन नहीं किया है।

हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। आईपीएल का 19वां सीजन शनिवार से शुरू होगा और इसका फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। स्वपन ने आगे कहा कि बांग्लादेश के केबल ऑपरेटरों पर भारतीय ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा टूर्नामेंट के प्रसारण को दिखाने पर कोई बैन नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम किसी को भी इसका प्रसारण करने से नहीं रोकेंगे। अगर स्टार स्पोर्ट्स इसका प्रसारण करना चाहता है, तो वे कर सकते हैं। अगर हमारे चैनलों में से कोई इसका प्रसारण करना चाहता है, तो हम इसे सकारात्मक रूप से लेंगे, लेकिन हम किसी पर कोई जोर-जबरदस्ती नहीं करेंगे। इससे पहले, जब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में थी, तब आईसीटी मंत्रालय ने एक पत्र जारी किया था, जिसमें देश के सभी टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों को टूर्नामेंट का प्रसारण न करने का निर्देश दिया गया था। उस पत्र में दावा किया गया था कि यह फैसला 'जनहित' में लिया गया है।

# ढमोला के बाद कराई जाएगी पांवधोई की सफाई

## जिला उद्योग बुध की बैठक में बोले नगर आयुक्त शिपू गिरी, नुसरत साबरी ने उठाया पांवधोई सफाई का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि नाली-नालों की सफाई के बाद निकलने वाली सिल्ट सड़क पर एक दिन से ज्यादा ना रहे। उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी को कहा कि सभी वार्डों में नाले-नालियों की ठीक से सफाई हो गयी है या नहीं ये भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने शहर के कूड़ाघरो पर पेंटिंग कराने व दरवाजे आदि ठीक कराने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त निगम के शांकुभरी सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक के दौरान समस्याओं के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा कर रहे थे। बाद में उन्होंने जिला उद्योग बधु की बैठक को भी संबोधित किया। व्यापारी नुसरत साबरी द्वारा पांवधोई की सफाई का भी मुद्दा उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी ढमोला पर पोकलेन द्वारा सफाई का कार्य कराया जा रहा है, उसके बाद पांवधोई की सफाई करायी जायेगी। मुकुंद मनोहर गोयल ने शहीद गंज से अंसारी रोड पर पांवधोई नदी तक आने वाले नाले की जीर्ण-शीर्ण स्थिति का मामला उठाया। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को नाले को ठीक कराने के लिए आगणन तैयार कराने के निर्देश दिए।



व्यापारी रोहित घई ने हकीकत नगर में सीएम ग्रिड की कार्यदायी संस्था द्वारा एक निजी प्लाट में एक वर्ष पूर्व व्यर्थ छोडे गए बडे पाइप हटवाने की मांग की। जिस पर मुख्य अभियंता निर्माण को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा लोहानी सराय का शौचालय ठीक कराने, पालिका बाजार सब्जी मण्डी पुल के पास यूरिनल बनवाने, अंसारी रोड पर शिवा. लिक बैंक के पास सड़क के गड्ढे भरवाने, शौचालयों की साफ सफाई कराने, पुल खुमरान का कूड़ाघर हटवाने, हकीकत नगर सीएम ग्रिड से अतिक्रमण हटवाने आदि मुद्दे भी व्यापारियों द्वारा उठाये गए। व्यापारी हरपाल सिंह, जसवंत बतरा, नरेश धीमान व राजेश गुलाटी आदि ने अनेक समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में आईआईए, लघु उद्योग भारती, होजरी एसोसियेशन, सीआईएस से सम्बंधित सुनील सैनी, गौरव चौपड़ा, विकास मलिक, रविंद्र मिगलानी, आशीष मित्तल, आदि उद्यमियों द्वारा जनता रोड पर अतिक्रमण हटाने का मामला उठाया गया। अतिक्रमण सहप्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि जनता रोड पर आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है, कुछ दुकानदारों ने अपना सामान स्वयं ही हटाना शुरु कर दिया है। यदि इसके बाद भी कोई अतिक्रमण रहता है तो उसे भी हटा दिया जायेगा। अंबाला रोड पर डबनी वाला कब्रिस्तान के निकट निगम की खाली पडी जमीन को सुरक्षित करने की मांग की गय

उक्त दोनों बैठकों में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# 31 मार्च तक लगातार खुलेगा निगम का हाउस टैक्स विभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बस तीन दिन बाकि रह गए हैं प्रोपर्टी की कुर्की या सील होने की कार्रवाई से बचने और 20 प्रतिशत छूट का फायदा उठाने के। 31 मार्च तक जो लोग अपने भवनों का टैक्स जमा करा देंगे वे न केवल उक्त दंडात्मक कार्रवाई से बचेंगे बल्कि 20 प्रतिशत छूट का लाभ भी ले सकेंगे।




कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर 31 मार्च तक नगर निगम का हाउस टैक्स विभाग जनता की सुविधा के लिए लगातार खुलेगा, यहां तक कि रविवार अवकाश वाले दिन भी खोला जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन भवन स्वामियों को नोटिस या जीआईएस बिल या कुर्की नोटिस आदि पर आपत्ति है वे नगर निगम पहुंचकर स्वत: कर निर्धारण का फॉर्म भरकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए आपत्ति का निस्तारण कराएं तथा अपना बिल जमा कराएं। 31 मार्च तक जमा कराये जाने वाले बिलों पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी भवन स्वामियों को मिलेगा।

कर अधीक्षक ने बताया कि 31 मार्च के बाद बकायेदारों को कुर्की, भवन को सील करने की दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। 31 मार्च के बाद 20 प्रतिशत की छूट भी नहीं मिलेगी और बकाया बिल पर 12 प्रतिशत ब्याज भी देय होगा।

उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत की छूट तथा उक्त दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए भवन स्वामियों के पास केवल तीन दिन शेष हैं।

## सोमवार को बंद रहेगी पशुवधशाला और मीट की दुकानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोमवार को महावीर जयंती पर महानगर में मांस, मछली, मुर्गा आदि मीट की सभी दुकानें और पशुवधशाला पूरी तरह से बंद रहेंगे। यदि कोई भी ऐसी दुकान खुली पायी गयी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देश पर तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर किसी भी पशुवधशाला में किसी भी प्रकार के पशु का वध नहीं किया जायेगा तथा दुकानों एवं भोजनालयों में मांस आदि की बिक्री नहीं की जायेगी। महानगर सीमा में मांस, मछली, मुर्गा आदि मीट की सभी दुकानों और पशुवधशालाओं को पूरी तरह से बंद रखने के निर्देश दिए है।

# मिलों पर करोड़ों रुपये बकाया: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि जिले की चीनी मिलों पर 316 करोड रुपये गन्ना भुगतान बकाया है।



भगत सिंह वर्मा यहां ग्राम चंद्रोली मुगल माजरा में किसानों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टोडरपुर चीनी मिल पर पिछले वर्ष का भी 20 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है। जिसे दिलाने के लिए भाजपा की योगी सरकार गन्ना विभाग व प्रशासन चीनी मिल मालिकों के विरोध कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसान कड़ी मेहनत करके बैंकों से व समितियां से कर्ज लेकर 1 वर्ष तक गन्ने की फसल को तैयार करता है। उसके बाद जब चीनी मिलों में गन्ना चला जाता है। तो फिर चीनी मिल मालिकों की मर्जी है कि वह गन्ना किसानों को 14 दिन के अंदर करना भुगतान करें या 14 महीने में भुगतान दें। जिस पर प्रदेश सरकार चुप्पी सादे हुए बैठी है।

बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मुकर्रम प्रधान ने की और संचालन प्रदेश महासचिव संदीप एडवोकेट ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश सचिव मास्टर रईस अहमद जिला मंत्री महबूब हसन हाजी बुद्धू हसन हाजी साजिद मोहम्मद कामिल मोहम्मद सद्दाम मोहम्मद सरफराज अब्दुल सलाम मोहम्मद मुनव्वर राशिद आदि ने भाग लिया।

# योजनाओं में सहभागिता करें किसान: मांगेराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष चौ. मांगेराम ने कहा कि किसान औद्यानिक फसलों के निर्यात योग्य उत्पादन एवं उद्यान विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं में सहभागिता करें।

चौ.मांगेराम ने यह बात उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिकी निर्यात प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन मौके पर कही। जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह द्वारा औद्यानिक फसलों के निर्यात एवं जनपद में संचा. लित विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।



प्रगतिशील कृषक रामबीर सिंह चौहान द्वारा किसानों को आम बाग में फ्रूट बैग लगाने हेतु प्रेरित किया।

ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक सुनील कुमार सोम ने महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। सहायक कीट विशेषज्ञ डा. अशोक कुमार द्वारा बागवानों को फ्रूट बैग लगाने की प्रक्रिया एवं उससे होने वाले लाभ के विषय में जानकारी उपलब्ध करायी। सहायक केमिस्ट डा. सोनम सिंह द्वारा औद्यानिक फसलों को निर्यात योग्य एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

मंडी सचिव श्रीमती सुमन भारती ने मण्डी समिति द्वारा संचालित कृषक लाभकाारी योजनाओं के बारे में बताया। उप कृषि निदेशक सन्दीप पाल ने दी। सेवानिवृत्त रवि प्रकाश ने भी विचार रखे।

प्रशिक्षण के सफल आयोजन कराने में उनि राजकुमार सिंह, लेखाकार संकल्प द्विवेदी व कनिष्ठ सहायक ललित शर्मा का योगदान रहा।

# महिलाओं को बताए हेल्पलाइन नंबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना मंडी क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।




उपनिरीक्षक प्रीती एवं महिला कांस्टेबल अर्चना द्वारा विभिन्न वर्ग की महिलाओं को थाने पर आमंत्रित कर उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों,सुरक्षा उपायों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करते हुए इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया। एंटी रोमियो टीम ने बाजार, मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर भी महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साइबर अपराधों से बचाव हेतु डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर फ्रॉड व ऑनलाइन ठगी से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में बिना संकोच इन सेवाओं का उपयोग करें।

# मजदूरी मांगने पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर क्षेत्र निवासी युवक ने मजदूरी के रूपये मांगने पर विपक्षी द्वारा मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकियां देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

चिलकाना क्षेत्र के सुल्तानपुर मोहल्ला कोठीवाला निवासी साहिब पुत्र रागिब ने बताया कि कुछ समय पूर्व पीड़ित ने विपक्षी के पास वैल्डिंग के काम पर मजदूरी की थी, जो साठ हजार रुपये बनती है। बुधवार को वह क्षेत्र के गांव डिंडोली खेड़ा में रस्म मेंहदी के कार्यक्रम में गया हुआ था, जहां उसे विपक्षी फैजान निवासी नाजरपुर थाना कोतवाली देहात मिला।

आरोप है कि पीड़ित ने विपक्षी से अपनी मजदूरी की रकम मांगी तो विपक्षी ने पीड़ित पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे पीड़ित के सर व कान आदि पर गंभीर चोटें आयी, ओर खून बहने लगा। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि दौबारा रूपये मांगे तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

थाना पुलिस द्वारा घायल का मैडिकल कराते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# कार्यक्रम सफल बनाने पर की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी भारतीय मजदूर संघ की बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये चर्चा की गई।



भूतेश्वर इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आगामी अप्रैल माह में संगठन का एक कार्यक्रम पुरानी पेंशन बहाली संगोष्ठी एवं जिला अधिवेशन किया जाएगा, जिसमें जनपद के शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ प्रदेश एवं अखिल भारतीय पदाधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे । संगठन के जिला मंत्री आनंद प्रकाश त्यागी ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली ही शिक्षक कर्मचारियों का बुढ़ापे का सहारा है जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन आगामी अप्रैल माह में एक संगोष्ठी व जिला अधिवेशन करने जा रहा है, जिसको सफल बनाने का हमारा कर्तव्य होगा। तरुण भोला ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी संगठन है तथा शिक्षकों कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली हेतु सदा गंभीरता के साथ कार्य करता है। अखिल भारतीय मंत्री एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र धवलहर ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में सौरभ गौतम, प्रदीप कांबोज, रिंकू कश्यप, बिशनलाल, ईशम सिंह एवं संगीता रानी आदि उपस्थिति रही। संचालन आनंद पुंडीर ने किया।

## मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी सनव्वर पुत्र मुन्तजिर को गिरफ्तार कर लिया है

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम उपनिरीक्षक अमित सोनी एवं हैड कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार ने गहन प्रयास के बाद आरोपी सनव्वर को ग्राम दतौली मुगल से ही गिरफ्तार कर लिया आरोपी को गिरफ्तार करते समय वह वादी इन्तजार अली के साथ फिर से आमना-सामना फसाद करने की स्थिति में था, जिस पर अतिरिक्त धाराएं 170, 126, 135 बीएनएसएस भी जोड़ी गई।आरोपी को कानूनी कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# स्कूली बच्चों ने सीखा पिज्जा बनाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को डोमिनोज से पिज्जा बनाना सीखा। यह मौका बच्चों को तब मिला जब उनकी स्कूल की ट्रिप अरोमा फूड कोर्ट पहुंची।



यहां पहले बच्चों ने अपने मनपसंद अलग अलग ब्रांड से खाया पीया और फिर गेम जोन में मस्ती की। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल पूजा बजाज पुलकित व देवयानी ने बच्चों को फूड आइटम्स की जानकारी देते हुए समझाया कि खाने पीने की चीजों में शुद्धता और स्वाछता क्यों जरूरी है। इसके बाद डोमिनोज की एक्स पर टीम ने बच्चों को पिज्जा बनाने की ट्रिक सिखाई इसके बाद बच्चों ने चार्जर भी देखा और समझा की किस तरह से वाहन चार्ज होते हैं।

# श्री बालाजी हनुमान मंदिर का 36वां वार्षिक उत्सव शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोहल्ला चौन्ताला स्थित सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 36वें वार्षिक उत्सव एवं श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ के तहत छह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और कल्याण का संदेश देना है।



उत्सव संचालक विनय जिंदल एवं समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन गोयल ने मंदिर परिसर में जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च से कार्यक्रमों की शुरुआत देव पूजन से होगी, जिसमें पंडित अजय किरण आचार्य रहेंगे। शाम को मां भगवती की चौकी में राजू भल्ला एंड पार्टी द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। 31 मार्च को 'छम-छम नाचे वीर हनुमान' भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें संजू पागल बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। 1 अप्रैल को राष्ट्र कल्याण हेतु अखंड श्री हनुमान चालीसा के 100 पाठ का विशेष अनुष्ठान किया जाएगा। मुख्य आकर्षण 2 अप्रैल को श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव रहेगा, जिसमें महायज्ञ की पूर्णाहुति, महाआरती, ध्वज पूजन एवं विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इसके अगले दिन 3 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें झांकियां, बैंड-बाजे और नासिक धुनें आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से होती हुई पुन: मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर मान. सिंह जैन, मुकेश चौरसिया, सुरेंद्र मोहन, संजू, सतीश सिंघल, नितिन कंसल, राजकुमार गोयल, योगेश गोयल बिट्टू, मुकेश मित्तल, विजय गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा, शिवांशु गोयल और मोहित शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सौहार्द से विकास संभव: मांगेराम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिला पंचायत सभागार मे आयोजित जिला एकीकरण की बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने कहा कि जिले मे आपसी भाई चारा व सद्भाव को कायम रखने मे जिस तरह से धर्मगुरुओं व समिति के सदस्यों द्वारा काम किया जा रहा है वह सराहनीय है। आपसी भाई चारा व शांतिपूर्ण सौहार्द से ही जिले का विकास संभव है। उन्होने कहा कि जनपद के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसमे सहयोग करे। समिति के वरिष्ठ सदस्य शीतल टंडन ने स्वच्छता पर जोरदिया। मौलवी फरीद ने कहा कि हमारी गंगा जमुनी तहजीब कायम रहनी चाहिए और इसके लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए। बैठक मे प्रत्येक तीसरे माह बैठक की मांग की गयी।

बैठक में जयनाथ शर्मा, संजय एबल सिंह, मुहम्मद हुसैन खान, जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी, साक्षी राणा, इमरान अली, इरफान अली ,अब्दुल हकीम, राहुल कुमार, जगमाल सिंह, विक्रम सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, अभियन्ता मुकेश कुमार उपस्थित रहे। संच. ालन अपर मुख्य अधिकारी चंद्रवीर सिंह ने किया।

# संजीवनी होगी सरकार की योजना: अरोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना के अर्न्तगत् एवं समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिये डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम रेलवे पेंशनर्स समाज के कार्यालय में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक से नवनीत कुमार तथा आकाशवाणी से बलराम सिंह अहलूवालिया ने वरिष्ठ नागरिकों को साईबर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट से बचने के उपाय सुझाये तथा बैंक सम्बन्धी योजनाओं एवं वित्तीय मैनेजमेंट पर जानकारी उपलब्ध करायी। संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोड़ा ने बताया कि सीनियर सिटीजन्स डिजिटल अरेस्ट तथा साइबर फ्राड के लिये बहुत सॉफ्ट टारगेट होते हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि वरिष्ठ नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचे तथा सरकार भी इस ओर निरन्तर प्रयास कर रही है, इसी क्रम में भारत सरकार की यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिये संजीवनी के समान सबित होगी। संस्था को जो जिम्मेदारी दी गयी है विषयों पर आने वाले समय में संस्था निरन्तर कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करेगी। संस्था की ओर से अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, महासि. चव अनिल तलूजा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष आरके जैन, आगामी कार्यकाल हेतू मनोनित पदाधिकारियों में नवमनोनित अध्यक्ष अजय अत्री, महासचव अरूण सूरी, कोषाध्यक्ष अरूण प्रकाश शर्मा सहित आरपी शर्मा ने भी वरिष्ठ नागरिकों को साइबर फ्रॉड विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन आरसी शर्मा, संस्थापक रेलवे पेंशनर समाज द्वारा किया गया तथा सदस्यों में जय नारायण शर्मा, अध्यक्ष, एनएस चौहान, महामंत्री, मूलचंद रागंडा, अमरनाथ त्यागी, देवेन्द्र कुमार, विजय कुमार तलवार, अश्वनी अग्रवाल, दिनेश दत्त, जगदीश प्रकाश, निसार अहमद, अजीत सिंह राणा, ओम प्रकाश, फूल सिंह, सत्यपाल सिंह, अशोक अरोड़ा, महिपाल सिंह, सोमदत्त, सुमेर चंद, सोमवती, रकम सिंह, विजय पाल सिंह, बृजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कपूर, वीके शर्मा, वीके त्यागी, शिवराज सिंह, अमरनाथ, दीप कुमार, राम प्रकाश शर्मा, संजीव छाबडा, सुरेश कुमार, उषा शर्मा, श्रीकृष्ण आर्य, हरजिन्दर सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, दिनेश मलिक, अशोक चावला श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

## कम्पनी बाग विवाद में दो युवक नामजद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र में कंपनी बाग विवाद करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को नामदज करते हुए कई अन्य को आरोपी बनाया है और मामले की जांच की जा रही है।

नगर कोतवाली क्षेत्र में कम्पनी बाग में गुरुवार को प्रवेश टिकट को लेकर खुशियों को में कहां सुनी हो गई थी, जिसके बाद मामला मारपीट में बदल गया और देखते-देखते कंपनी बाग में भगदड़ का माहौल बन गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मौके पर पहुंची थी और गुसाई भीड़ को शांत कर दिया था। आज इस मामले में पुलिस ने नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहमादर निवासी अयान, मोय मोय के खिलाफ नाम दर्ज रिपोर्ट की गई है। जबकि दर्जन भर युवकों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।



नई दिल्ली। दिलशाद कॉलोनी में एलपीजी सिलेंडर की जारी आपूर्ति संकट के बीच सिलेंडर खरीदने के लिए कतार में खड़े लोग।

## रूस-ईरान ने पश्चिम एशिया संकट और मानवीय सहायता पर चर्चा की

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने टेलीफोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्रियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की 'बिना उकसावे की आक्रामक कार्रवाई' से उत्पन्न 'गंभीर सैन्य-राजनीतिक संकट' पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर और क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए इस संघर्ष को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ईरान में बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र इलाके में एक और हमला: IAEA

## महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने की अधिकतम संयम बरतने की अपील

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान ने अपने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) के इलाके में उसे एक और हमले की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि हमले से कोई रेडिएशन नहीं फैला हैऔर न ही रिएक्टर को कोई नुकसान पहुंचा है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि ईरान ने हमें बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इलाके में एक नए हमले की जानकारी दी है, पिछले 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है।

इसमें उसके चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई रेडिएशन फैला है। संयंत्र की स्थिति सामान्य है। एजेंसी ने बताया कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। आईएईए ने कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सैन्य गतिविधियों की हालिया रिपोर्टों पर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है। महानिदेशक ग्रॉसी ने परमाणु दुर्घटना के जोखिम से बचने के लिए अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपनी अपील दोहराई है। इस बीच, एजेंसी ने कहा कि खोंदाब में ईरान के भारी जल उत्पादन संयंत्र पर हमले के बाद रेडिएशन फैलने का कोई खतरा नहीं है। एजेंसी ने एक्स पर कहा कि ईरान ने आईएईए को जानकारी दी है कि आज खोंदाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र पर भी हमला हुआ है। चूंकि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है, इसलिए रेडिएशन का कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, ईरान ने आज यह भी बताया कि एक औद्योगिक इकाई-माप-तोल के लिए सीलबंद खुजेस्तान स्टील उत्पादन फैक्ट्री जो सीओ.60 और सीए.137 रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करती है । उस पर भी हमले हुए, लेकिन इससे बाहर कोई रेडिएशन नहीं फैला।



■ अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है

### परमाणु संयंत्रों पर हमले रोकने के लिए रूस प्रयासरत: उल्यानोव

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह अमेरिका और इजरायल के साथ संपर्क में है और उन्हें परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) विशेष रूप से बुशेहर परमाणु संयंत्र की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर हमलों से बचने की सलाह दे रहा है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती से कहा कि रूसी संघ इजरायल और अमेरिका दोनों के साथ आवश्यक संवाद कर रहा है और उन्हें याद दिलाया गया है कि परमाणु संयंत्रों पर हमलों को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सफ्रोनकोव ने कहा कि रूस ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉस्को न केवल मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बल्कि इस दिशा में सक्रिय कदम भी उठा रहा है। सफ्रोंकोव ने बताया कि रूस सभी पक्षों के साथ लगभग दैनिक संपर्क बनाए हुए है और उन्हें राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं को दूर करने के लिए रूस ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के रूस से प्रतिबंध हटाने की संभावना नहीं: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी से जुड़े और राज्य ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति कार्यकाल की समाप्ति तक अमेरिका के रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने की संभावना कम है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिका का दौरा करने वाले रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख निकोनोव ने संवाद समिति 'रिया नोवोस्ती' को बताया कि इस मामले में उनका जवाब 'संभवत: 'नहीं' है।

### ओली की गिरफ्तारी देश में न्याय की नई शुरुआत: गुरुंग

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर शनिवार को कहा कि यह देश में न्याय की नई शुरुआत है। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और यह गिरफ्तारी किसी के खिलाफ प्रतिशोध नहीं है, यह सिर्फ न्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा 'मेरा मानना है कि देश अब नई दिशा में बढ़ रहा है।' पुलिस ने आज सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था।

### खड़गे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं। उन्होंने लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी, जिससे दोनों देशों के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और पारस्परिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रोपेन सिलेंडरों के फटने के बाद टोरंटो के शहर के बीचों-बीच धमाके

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के टोरंटो शहर के निचले क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रखे प्रोपेन सिलेंडरों के फटने से जोरदार धमाके हुए और घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रिचमंड स्ट्रीट वेस्ट और जॉन स्ट्रीट के पास हुई, जहां दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

# अब अगला नंबर क्यूबा का: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूएस सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए दी धमकी

**मियामी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अमेरिकी सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। मियामी में सऊदी समर्थित एक व्यावसायिक मंच पर ईरान के साथ संघर्ष में ट्रम्प ने संकेत दिया कि हवाना पर वाशिंगटन दबाव बढ़ा सकता है या संभावित कार्रवाई कर सकता है।

उन्होंने कहा कि और वैसे, क्यूबा अगला है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका कौन से कदम उठा सकता है, जबकि क्यूबा गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ट्रम्प ने हाल के दिनों में वेनेजुएला में अमेरिकी कदमों और जारी ईरान संघर्ष के बाद हवाना पर दबाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने किसी संभावित योजना का विवरण नहीं दिया है। वह क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल को वाशिंगटन के साथ किसी समझौते की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे किसी समझौते की रूपरेखा अभी स्पष्ट नहीं है। ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया। इसके साथ ही नाटो की आलोचना भी की और कहा कि उसने तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के अभियान का पर्याप्त समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि 47 वर्षों से ईरान पश्चिम एशिया का दबंग माना जाता रहा है, लेकिन अब वह दबंग नहीं रहा। वह पीछे हट रहा है, जिस पर सभा में हल्की तालियां बजीं। उन्होंने दोहराया कि यदि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई नहीं होती तो ईरान 'दो से चार सप्ताह' के भीतर परमाणु हथियार विकसित कर लेता और पहले के हमलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया है। उन्होंने सऊदी प्रतिभागियों को इस अभियान की आवश्यकता के बारे में समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि वे इसका इस्तेमाल आप पर, इजराइल पर और सभी पर करते। ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि दूसरे कार्यकाल से पहले सऊदी नेतृत्व ने उन्हें कम आंका था। ट्रम्प ने अपने संबोधन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर भी भरोसा जताया, जो इस संघर्ष से जुड़े बाजार उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था फिर से उभर रही है। उन्होंने कहा कि जब यह युद्ध खत्म होगा, तो यह रॉकेट की तरह होगा। मुझे लगा था कि हम और नीचे जाएंगे और तेल की कीमतें इससे अधिक बढ़ेंगी। यह अभी खत्म नहीं हुआ है। यह लगभग खत्म है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।



■ ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया

### ईरान के खिलाफ 'सैन्य अभियान' बहुत अच्छी स्थिति में: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान ष्बेहतरीन ढंग सेष् आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में 'सबसे गंभीर सेंध' में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान 'महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में' समाप्त हो जाएगा।

### नाटो से समर्थन वापस ले सकता है अमेरिका: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं। ट्रम्प ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा कि हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं, हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैए को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अब नाटो की सहायता की आवश्यकता नहीं है। ट्रम्प ने 17 मार्च को कहा था कि नाटो ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान का समर्थन नहीं कर 'बहुत बड़ी गलती' की है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश नाटो देश इस अभियान में शामिल नहीं होना चाहते, जो उनके लिए आश्चर्यजनक नहीं है, और उन्होंने गठबंधन को 'एकतरफा व्यवस्था' करार दिया।

# डब्ल्यूटीओ में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत हो: भारत

■ व्यापार समझौतों में विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही को दूर करने पर बल दिया
■ भारत ने विश्व व्यापार संगठन में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत रखने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सर्वसम्मति के आधार पर निर्णय की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और पिछले दौर के व्यापार समझौतों में उन सामान व्यवस्थाओं को दूर करने पर बल दिया है, जो विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही हैं। कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के चौदहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारतीय दल के नेता और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय की व्यवस्था डब्ल्यूटीओ की वैधता का आधार है। इस बैठक में मंत्रियों ने डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रणाली में सुधार संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधारों में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं का समाधान होना चाहिए। 'पूर्व में तय एजेंडा सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया' के मुद्दे पर बोलते हुए, गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वैधता का आधार है, और यह महत्वपूर्ण है कि यह बहुपक्षीय संगठन सदस्यों के संप्रभु अधिकारों की अनदेखी न करे और ऐसे नियम थोपना की कोशिश न की जाए, जिन पर आम सहमति नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय लेने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने के लिए विश्वास के पुनर्निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत ने इस बात पर बल दिया कि डब्ल्यूटीओ को वर्तमान गतिरोध और इसके मूल कारणों का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चाएं पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित हों। भारत ने यह भी कहा कि एक एकीकृत बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली अपने संस्थागत ढांचे के भीतर टकराव के रहते हुए फल-फूल नहीं सकती। इस बैठक में सदस्यों को 'समान अवसर मिलने के मुद्दों' पर गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि चर्चाओं में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा मानक (पीएसएच) और कपास पर एसएसएम जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## ईरान जंग पर बात करने पाक जाएंगे 3 देशों के विदेश मंत्री

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्की, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत को रोक दिया गया। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्की में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। कतर और यूक्रेन ने एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कतर के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते के तहत दोनों देश मिसाइल और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए तकनीक और अनुभव शेयर करेंगे।

### रूस की स्टेट ड्यूमा के साथ संबंधों के लिए समूह बनाया: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में रूस की संघीय सभा (ड्यूमा) के साथ बातचीत के लिए एक समूह बनाया जाएगा। यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य और स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने यह जानकारी दी है। वह हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। निकोनोव ने अमेरिका में पांच रूसी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को वॉशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस के सहयोगियों और अमरीकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की।

# पाक को आईएमएफ से 1.2 अरब डॉलर का फंड मंजूर

## इस पैसे से पाक को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर आई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान के बीच करीब 1.2 अरब डॉलर को लेकर कर्मचारी स्तर का समझौता हो गया है।

यह समझौता हफ्तों तक चली लंबी बातचीत के बाद हुआ है। इस पैसे से पाकिस्तान को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया है। आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा। पहला है 'विस्तारित कोष सुविधा' (ईएफएफ) और दूसरा लचीलापन और स्थिरता सुविधा। ईएफएफ उन देशों को दी जाती है जो गंभीर संकट से जूझ रहे होते हैं, यानी जो लंबे समय तक भुगतान करने में सक्षम नहीं होते। आईएमएफ मिशन की प्रमुख इवा पेत्रोवा ने कहा कि आईएमएफ बोर्ड की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग 1 अरब डॉलर और आरएसफ के तहत 21 करोड़ डॉलर मिलेंगे। इस समझौते तक पहुंचना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं था। आईएमएफ की टीम ने 25 फरवरी से 2 मार्च तक इस्लामाबाद और कराची में डेरा डाला था। पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बातचीत में कई पेंच फंसे थे, जिसके कारण टीम बिना किसी समझौते के वापस लौट गई थी। इसके बाद कई दौर की वर्चुअल मीटिंग्स हुईं। दावा किया गया है कि इस दौरान पाकिस्तान सरकार ने भविष्य में कड़े आर्थिक फैसले लेने का भरोसा दिलाना दिलाया है। इसके बाद बातचीत बनी है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अपनी व्यापक आर्थिक नीतियों को और सख्त बनाना होगा। इसका सीधा मतलब है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, बिजली-गैस की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।




■ आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

## घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए उठाया कदम, भारत पर कम, चीन-तुर्की व ब्राजील पर ज्यादा असर

**मास्को।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजरायल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है।

इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड आयल) पर निर्भर है। क्रूड आयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है। हालांकि एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि रूस के फैसले से अगर वैश्विक सप्लाई पर असर पड़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। पहले से ही जंग के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। मास्को में पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं। मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है। रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है।



■ ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं, भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है

# 27 करोड़ से अधिक बच्चे हैं स्कूलों से बाहर

■ यूनेस्को शिक्षा रिपोर्ट में 2030 लक्ष्य पर बड़ा खतरा, लगातार सातवां साल जब यह संख्या बढ़ी

**पेरिस/नई दिल्ली।** यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट-2026 के अनुसार दुनिया भर में 27.3 करोड़ (273 मिलियन) बच्चे, किशोर और युवा स्कूल से बाहर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार सातवां साल है जब यह संख्या बढ़ी है और वैश्विक स्तर पर हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बाद लगभग हर क्षेत्र में स्कूल में बच्चों को बनाए रखने की प्रगति धीमी पड़ गई है। सबसे ज्यादा असर उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में देखा जा रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में रहने वाले हर छह में एक से ज्यादा शिक्षा से वंचित है। पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में ग्लोबल एजुकेशन कोएलिशन की बैठक में इस रिपोर्ट को 25 मार्च को जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2030 तक 'सबके लिए शिक्षा' लक्ष्य हासिल करने की राह में मुश्किल है। इस गति से हम 2030 तक दुनिया के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इससे वैश्विक शिक्षा एजेंडा को विफल नहीं माना जा सकता।



महिमा मकवाना एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो हिंदी टीवी सीरियल्स और फिल्मों में अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सपने सुहाने लड़कपन के रचना और सलमान खान के साथ बॉलीवुड फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ 2021 में काम करके पहचान बनाई। 5 अगस्त 1999 को मुंबई में जन्मी महिमा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।

# महिमा मकवाना संग दिखी अपारशक्ति की बेहतर केमिस्ट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना तेरे पीछे रिलीज किया है, जिसमें महिमा मकवाना भी नजर आ रही हैं। यह गाना अपारशक्ति खुराना के नए अल्बम का हिस्सा है और अब स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर उपलब्ध है।

अपारशक्ति खुराना ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, तेरे पीछे एक सुकून देने वाला प्यार भरा गाना है, जो प्यार की गर्माहट और उसकी नाजुकता को महसूस कराता है। यह मेरे सबसे खास गानों में से एक है, जिसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ बनाया है। यह कविता और मधुर संगीत का खूबसूरत मेल है, जिसे आप अपने किसी खास के साथ सुनना चाहेंगे।

तेरे पीछे एक दिल को छू लेने वाला गाना है, जो प्यार, तड़प और भावनाओं को दर्शाता है। अपारशक्ति की आवाज और महिमा मकवाना की परफॉर्मेंस इसे और भी खास बनाती है। इस अल्बम में दो और गाने भी हैं गुलाबी आसमान और आखिरी वार, जो अलग-अलग संगीत शैली में हैं लेकिन आम जिदगी की भावनाओं से जुड़े हुए हैं। तेरे पीछे के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जिनमें कविता और आधुनिक अंदाज का अच्छा मेल है। इस अल्बम के जरिए अपारशक्ति ने दिखाया है कि वह एक्टिंग के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बना रहे हैं और नए प्रयोग कर रहे हैं।



# अल्लू ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा किया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है। अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है। अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने जहां भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के आइकॉन स्टार के रूप में पहचाने जाने तक, उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है। अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। पुष्पा राज के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार /अल्लू अर्जुन के 23 साल। यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है। अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिंग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज



भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई।

## राम चरण के जन्मदिन पर पेड्डी पहलवान का लुक रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म पेड्डी से पेड्डी पहलवान लुक हुआ रिलीज हो गया है। फिल्म पेड्डी 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब मेकर्स ने शानदार कंटेंट पेड्डी पहलवान रिलीज किया है, जिसमें राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन दिखाया गया है, और यह इंडस्ट्री के बेहतरीन ट्रांजिशन्स में से एक नजर आता है। पेड्डी पहलवान में राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन काफी यूनिक है। यह उनके फैंस के लिए किसी बेहतरीन बर्थडे गिफ्ट से कम नही है। आरआरआर के बाद उनका यह नया अवतार बेहद एक्साइटिंग लग रहा है। इससे पहले हमने आरआरआर में उनका शानदार ट्रांसफॉर्मेशन देखा था।

# अडीवी सेश को जापानी फैन से मिला खास सरप्राइज

**मुंबई।** अभिनेता अड़ीवी सेश को हाल ही में सेट पर एक बेहद भावुक और खास पल का अनुभव हुआ, जब उनकी एक जापानी फैन उनसे मिलने के लिए खासतौर पर हैदराबाद पहुंची। यह फैन, जिनका नाम रीना है, उनकी आने वाली फिल्म डकैत के लिए शुभकामनाएं देने आई थी। इस मुलाकात को और भी खास बनाते हुए रीना ने सेश के लुक को अपनाया था। उन्होंने अड़ीवी सेश की तरह कपड़े पहने थे और यहां तक कि सेश का घर का नाम जैकेट पर सनी भी लिखा हुआ था। इस पूरे पल को अभिनेता ने एक वीडियो के ज़रिए सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। रीना, फिल्म बाहुबली के समय से ही अड़ीवी सेश की बड़ी फैन रही हैं और यह उनका तीसरा मौका था जब वह सिर्फ उनसे मिलने के लिए जापान से भारत आईं। उन्होंने अपने लुक में भी खास ध्यान दिया अपने बालों को सेश की पहली फिल्म कर्मा से प्रेरित स्टाइल में बनाया और वैसे ही लाल जूते पहने जैसे सेश ने एक फोटोशूट में पहने थे। इसके अलावा, वह उनके लिए खाने का सामान भी लेकर आईं, जिससे यह मुलाकात और भी



खास बन गई। अड़ीवी सेश ने भी पूरे दिल से उनके इस प्यार का जवाब दिया, जिससे यह पल और भी भावुक हो गया। वीडियो में दोनों के बीच एक सच्चा और खूबसूरत जुड़ाव देखने को मिलता है।

## रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्मकार नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को रिवील होगी। रामायण 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसे एक भव्य सिनेमाई स्पेक्टेकल के रूप में ग्लोबल स्तर पर बनाया जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में और नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही यह दो भागों में आने वाली महाकाव्य फिल्म दुनिया भर के बेहतरीन क्रिएटिव टैलेंट को साथ लेकर एक ऐतिहासिक सिनेमाई इवेंट बनने की तैयारी में है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं।

# मुस्कान बामने महाराष्ट्रीयन लुक में हुईं वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने नेसोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नौवारी साड़ी और नथ के साथ पारंपरिक महाराष्ट्रीयन लुक में सबको चौंका दिया। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी दिल छू लेने वाली कहानियों और सांस्कृतिक पलों से दर्शकों का दिल जीत रहा है।

हाल ही में गुड़ी पड़वा के मौके पर दिखाए गए सीक्वेंस ने स्क्रीन पर त्यौहार की रौनक और रंगीन माहौल भर दिया। किरदारों ने मिलकर इस शुभ अवसर को असली महाराष्ट्रीयन अंदाज़ में सेलिब्रेट किया। मुस्कान बामने, जो शो में शनाया का किरदार निभा रही हैं, इस सीक्वेंस में पारंपरिक लुक में नज़र आईं। उन्होंने गुलाबी रंग की नौवारी साड़ी पहनी थी, जिसे कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज़ के साथ पेयर किया गया था। मुस्कान बामने ने कहा, जैसे ही मैंने नौवारी साड़ी पहनी, मेरा मूड तुरंत बदल गया। रंग इतने ब्राइट थे कि पूरा माहौल ही बदल गया। जब नथ और ज्वेलरी पहन ली, तो ऐसा लगा ही नहीं कि मैं सिर्फ कॉस्ट्यूम पहन रही हूं। शूटिंग के दौरान एक घरेलू सीन करते वक्त अचानक लगा कि सब कुछ कितना रियल है सेट, एनर्जी, लोग। ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम शूट कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगा जैसे घर पर असली सेलिब्रेशन हो रहा हो। यही वो पल हैं जो हमेशा याद रहते हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।



## बिलियनेयर को लेकर अटकलें तेज

# अर्जुन रामपाल निभा रहे हैं विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ओटीटी सीरीज बिलियनेयर में उद्योगपति विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हंसल मेहता की अपकमिंग ओटीटी सीरीज बिलियनेयर की घोषणा के साथ ही इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अर्जुन रामपाल इस सीरीज में एक ताकतवर उद्योगपति की भूमिका में नजर आएंगे, जिसकी कहानी महत्वाकांक्षा, सत्ता और नैतिक पतन के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही निर्माता इसे पूरी तरह काल्पनिक बता रहे हैं, लेकिन कहानी में नजर आ रही समानताओं ने अटकलों को हवा दे दी है। चर्चा है कि अर्जुन रामपाल इस सीरीज में विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार बिलियनेयर का मुख्य किरदार



किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है, बल्कि कई वास्तविक हस्तियों के गुणों का मिश्रण हो सकता है, जिससे कहानी और ज्यादा प्रभावशाली बनती है। हंसल मेहता इससे पहले भी स्कैम जैसी चर्चित सीरीज में सच और फिक्शन के बीच की रेखा को बारीकी से पेश कर चुके हैं, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।फिलहाल मेकर्स ने कहानी को लेकर चुप्पी साध रखी है, लेकिन इतना तय है कि बिलियनेयर सत्ता, सफलता और उसकी कीमत की एक दिलचस्प कहानी पेश करेगी। इस सीरीज का निर्देशन हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। लेखन अनुभाव चोपड़ा और शांतनु सागर का है, जबकि प्रभलीन संधू ने इसे ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह शो अमेज़न एमएक्स प्लेयर की ओरिजिनल लाइनअप का हिस्सा है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108